सूर्योदय दि. 02-11-2021
दिल्ली स्टै. टा.
सूर्यास्त दि.30-17/33 दि.5 -17/37

अधिकतम तापमान 11.1° न्यूनतम तापमान 22.1°

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No.DELHIN/2015/66886

# ओपन सर्च

E-mail | opensearchdelhi@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in




मानुषी छिल्लर यूनिसेफ के राष्ट्रव्यापी...पृष्ठ-8

वर्ष : 06 अंक : 212 नई दिल्ली, मंगलवार 02 नवंबर -2021 नई दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से प्रसारित ₹ मूल्य : 02 रूपए पृष्ठ : 08

## पटना : नरेन्द्र मोदी की रैली में ब्लास्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई आतंकियों को सजा

### गांधी मैदान बम विस्फोट मामले में चार को फांसी, दो को उम्रकैद

**पटना एजेंसी।**

सोमवार को पटना के गांधी मैदान में 27 अक्टूबर 2013 को हुए सीरियल ब्लास्ट के मामले में अभियुक्तों को सजा पर सुनवाई करते हुए एनआइए के विशेष न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा की अदालत ने चार आतंकियों इम्तियाज अंसारी, हैदर अली, नुमान अंसारी और मोजीबुल्लाह अंसारी को फांसी की सजा सुनाई। अदालत ने इन पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने घटना को रेयर आफ द रेयरेस्ट माना है।

फैसले में कहा है कि इन चारों आतंकवादियों को फांसी पर तब तक लटकाये रखा जाए जब तक इनकी मौत न हो जाए। अदालत ने इम्तियाज अंसारी पर 80 हजार रुपये व हैदर अली, नुमान अंसारी और मोजीबुल्लाह अंसारी पर 90 हजार रुपये आर्थिक जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इनके अलावा आतंकी उमेर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन कुरैशी को आजीवन कारावास तथा 60 हजार रुपये आर्थिक जुर्माना लगाया गया है। अन्य अभियुक्त अहमद हुसैन को 10 साल की सजा और 10 हजार रुपये आर्थिक जुर्माना, फिरोज असलम को 10 साल की सजा और इश्तेखार आलम को सात साल की सजा और 10 हजार रुपये आर्थिक दंड लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर एक-एक माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। सोमवार की सुबह 11:40 बजे एनआइए न्यायाधीश कोर्ट में आए। इसके बाद सभी आतंकियों को कोर्ट में पेश किया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपनी दलील पेश करते हुए आतंकवादियों की आर्थिक और पारिवारिक स्थिति का हवाला देते हुए कम से कम सजा देने की मांग की। इसके बाद एनआइए के अधिवक्ता ललन प्रसाद सिन्हा ने अपनी दलीलों में कहा कि घटना रेयर आफ द रेयरेस्ट है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णयों का हवाला देकर अधिकतम सजा की मांग की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद तीन बजे सजा सुनाने की बात कही। 3:40 बजे सजा सुनाई जाने लगी। विदित हो कि 27 अक्टूबर को एनआइए अदालत ने नौ अभियुक्तों छत्तीसगढ़ के रायपुर के राजा तालाब निवासी उमर सिद्दीकी और अजहरूद्दीन कुरैशी, झारखंड के लोहरदगा निवासी हैदर अली, रांची के ओरमांझी के मो. मोजिबुल्लाह अंसारी, रांची के धूर्वा निवासी इम्तियाज अंसारी उर्फ आलम, यूपी के मिर्जापुर जिले के कतरा कोतवाली के अहमद हुसैन, रांची के फिरोज आलम उर्फ पप्पू, रांची के धूर्वा के नुमान अंसारी व रांची के ही इश्तेखार आलम को आइपीसी और एक्सप्लोसिव एक्ट की विभिन्न धाराओं के अलावा कई अन्य आपराधिक धाराओं में दोषी करार दिया था। दसवें अभियुक्त यूपी के मिर्जापुर के फकरुद्दीन को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया था।

अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि एक नवंबर को मुकर्रर की थी। 27 अक्टूबर 2013 की वह अशुभ तारीख और दिल दहलाने वाली घटना पटनावासियों के जेहन में आज भी ताजा है। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पटना आए थे। गांधी मैदान में बीजेपी ने हुंकार रैली का आयोजन किया था। वे रैली को संबोधित कर रहे थे।

उसी समय पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 10 स्थित सुलभ शौचालय के पास पहला बम ब्लास्ट हुआ था। इसके बाद गांधी मैदान में और आसपास छह स्थानों पर सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। विस्फोटों में छह लोगों की मौत हुई थी और 89 लोग घायल हुए थे।



**जिन नौ आतंकियों को गांधी मैदान सीरियल ब्लास्ट में सजा दी गई है उनमें पांच इम्तियाज अंसारी, हैदर, मोबीबुल्लाह अंसारी, उमेर सिद्दिकी और अजहरूद्दीन कुरैशी बोधगया सीरियल बम ब्लास्ट मामले में पहले ही दोषी करार दिए जा चुके हैं। पांचों को आजीवन करावास हुआ है।**

## स्कूलों में लौटी खुशियाँ, 19 महीने बाद दोबारा खुले नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल

### बच्चों को स्कूल लेकर पहुंचे पेरेंट्स स्कूल की व्यवस्था को लेकर दिखे कॉंफिडेंट। कहा, स्कूल खुलने से बच्चों में है जबरदस्त उत्साह

**नई दिल्ली।**

महामारी के कारण लम्बे समय तक बंद रहने के बाद सोमवार को दिल्ली में नर्सरी से आठवीं कक्षा के लिए स्कूल दोबारा खोल दिए गए। हर स्कूल में कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। स्कूल के खुलने और लम्बे समय बाद अपने दोस्तों से मिलने पर बच्चे काफी उत्साहित थे। पेरेंट्स अपने बच्चों को दोबारा स्कूल भेजने को लेकर काफी कॉंफिडेंट दिख रहे थे। स्कूलों में बच्चों का स्वागत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सुबह से ही शिक्षक बच्चों के स्वागत के लिए तैयार थे। किसी स्कूल में बच्चों को फ़िल्म दिखा कर तो कहीं डांस व म्यूजिक के माध्यम से बच्चों का स्वागत किया गया। ऑफलाइन पढ़ाई दोबारा शुरू करने से पहले बच्चे सामान्य रूप से स्कूल से जुड़ सके इसके लिए कई एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूल विजिट कर बच्चों व उनके पेरेंट्स से बात की। श्री सिसोदिया ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई दोबारा सामान्य तरीके से उनके क्लासरूम में शुरू हो चुकी उन्होंने कहा कि, महामारी के कारण स्कूल पिछले 19 महीनों से बंद थे। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई का काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। हमें बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता है लेकिन उनके पढ़ाई की भी चिंता है। यदि अब स्कूलों को नहीं खोला गया तो एक पूरी पीढ़ी नॉलेज गैप के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

सभी स्कूलों में ये सुनिश्चित किया जाएगा कि वहां कोरोना संबंधी प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, मुझे खुशी है कि 19 महीने के लम्बे समय के बाद आज नर्सरी से आठवीं कक्षा के लिए दोबारा स्कूल खुले है। स्कूलों के न खुलने से बच्चों की पढ़ाई का काफी ज्यादा नुकसान हुआ था लेकिन उम्मीद है कि स्कूलों के खुलने के बाद हमारे टीचर्स, पेरेंट्स साथ मिलकर बच्चों के इस लर्निंग गैप को खत्म करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के पहले दिन ही स्कूलों में काफी अच्छा रेस्पोंस देखने को मिला है, ये दिखाता है कि पेरेंट्स अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर कॉंफिडेंट है और बच्चों को स्कूल भेज रहे है। लेकिन हमने ये भी ध्यान रखा है कि किसी भी पेरेंट्स को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। श्री सिसोदिया ने कहा कि स्कूल के खुलने के साथ ही ये सुनिश्चित किया जाएगा कि स्कूल में कोविड से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन हो।



*बड़ी संख्या में स्कूलों में आए बच्चे, कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्कूलों में किया गया बच्चों का स्वागत*

*स्कूलों में बच्चों से मिलने पहुंचे शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया। कहा, बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें उनकी पढ़ाई की भी चिंता, स्कूलों के खुलने से बच्चों के लर्निंग में आया गैप होगा कम*

## कोरोना के 12 हजार से अधिक मामले, 251 लोगों की मौत

**नई दिल्ली एजेंसी।**

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 12 हजार से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं और इस महामारी से 251 लोगों की मौत हो गई। इस बीच देश में रविवार को 12 लाख 77 हजार 542 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक एक अरब छह करोड़ 31 लाख से अधिक लोगों को कोविड टीके लग चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 12,514 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 42 लाख 85 हजार 814 हो गया है। इस दौरान 12 हजार 718 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर 3,36,68,560 हो गयी है। सक्रिय मामले 455 घटकर एक लाख 58 हजार 817 हो गये हैं। इसी अवधि में 251 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 58 हजार 437 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 0.46 फीसदी, रिकवरी दर 98.20 फीसदी और मृत्यु दर 1.34 फीसदी है।

सक्रिय मामलों में केरल अभी देश में पहले स्थान पर है। राज्य में पिछले 24 घंटों में 561 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी संख्या अब 79795 हो गयी है। वहीं 6439 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 4857181 हो गयी है। इसी अवधि में 167 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 31681 हो गयी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले घटकर 20277 रह गये हैं जबकि 20 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 140216 हो गयी है।



## पीएम मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन से की मुलाकात,काप-26 में विश्व के शीर्ष नेता ले रहे हैं हिस्सा

**ग्लासगो एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन से अपने यूरोपीय दौरे की शुरुआत कर दी है। वह इटली की राजधानी रोम में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद अब वह रविवार को ग्लासगो पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (काप-26) में हिस्सा लेंगे। प्रिंस चार्ल्स, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य विश्व के प्रमुख नेता भी इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के पीएम बोरिस जानसन से मुलाकात की है। इसके पहले पीएम मोदी ने स्काटलैंड के ग्लासगो मे भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है। ग्लासगो में अपने होटल पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत भारतीय प्रवासी प्रतिनिधियों के एक बड़े समूह ने किया, जिन्होंने भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके पहले पीएम मोदी ने अपने ग्लासगो दौरे की जानकारी ट्वीट कर भी दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ग्लासगो पहुंच गया हूं। यहां काप-26 (काप-26) में हिस्सा लूंगा। इस दौरान मैं जलवायु परिवर्तन को कम करने और इस संबंध में भारत के प्रयासों को स्पष्ट करने के लिए अन्य विश्व नेताओं के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

बता दें कि पीएम मोदी काप-26 में भाग लेने वाले हैं। साथ ही संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की बैठक के मौके पर अपने ब्रिटिश समकक्ष बोरिस जानसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री द्वारा इस साल की शुरुआत में दो बार कोरोना महामारी के कारण अपनी भारत यात्रा रद करने के बाद मोदी और जानसन के बीच यह पहली व्यक्तिगत बैठक होगी।

गौरतलब है कि ग्लासगो में वैश्विक शिखर सम्मेलन के लिए स्काटिश इवेंट कैंपस (एसईसी) में होने जा रहे जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के रूपरेखा समझौते (यूएनएफसीसीसी) के लिए पक्षकारों के 26वें शिखर सम्मेलन (काप-26) में वैश्विक नेताओं के सम्मेलन (डब्ल्यूएलएस) में पीएम मोदी समेत 120 विभिन्न सरकारों के प्रमुख और राष्ट्र प्रमुख शामिल होंगे।



## पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती नजरबंद की गई

**श्रीनगर एजेंसी।**

जम्मू- कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) नेता महबूबा मुफ्ती को सोमवार को नजरबंद कर दिया गया। वह अनंतनाग में आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच 24 अक्टूबर को हुई गोलीबारी में मारे गये एक युवक के परिजनों से मिलने के लिये जाने वाली थीं। पीडीपी के एक नेता ने यह जानकारी दी है। सुश्री मुफ्ती शाहिद अहमद के परिवार से मिलने जाने वाली थी। अहमद की मौत 24 अक्टूबर को दक्षिण कश्मीर के शोपियां में कथित गोलीबारी की घटना में हो गयी थी। पार्टी के एक नेता ने बताया कि पुलिस बलों ने महबूबा मुफ्ती के घर के मुख्य दरवाजे को बंद कर घर के बाहर एक मोबाइल बंकर तैनात कर दिया। पार्टी नेता ने कहा, उन्हें अनंतनाग में मारे गये युवक के घर जाने से पहले नजरबंद कर दिया गया। पीडीपी प्रमुख ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक पर कोई कार्रवाई नहीं हुयीं जिन्होंने भारत पाकिस्तान के बीच हुये टी 20 मैच के दौरान कुछ कश्मीरियों द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने पर उनकी खाल उतारने की बात कही थी। सुश्री मुफ्ती यहां अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता के एक ट्वीट का जवाब दे रही थी, जिसमें भाजपा के एक पूर्व एमएलसी विक्रम सिंह रंधावा के वीडियो को साझा किया गया था। वह इसमें यह कहते दिखाई दे रहे हैं इनकी खाल उधेड़नी चाहिए, नागरिकता खत्म करो।

## डेंगू से निपटने लिए संयुक्त कार्ययोजना लाएगी केंद्र सरकार : मांडविया

**मांडविया ने सोमवार को यहां दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और कहा कि डेंगू मच्छर नियंत्रण को तेज करने के प्रयास में सभी नगर निगम, नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद , छावनी बोर्ड और अन्य पक्षों को भी शामिल किया जाना चाहिए।**

**नई दिल्ली एजेंसी।**


केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने दिल्ली में डेंगू की भयावह होती स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा है कि हालात को देखते हुए संयुक्त कार्ययोजना लायी जाएगी। श्री मांडविया ने सोमवार को यहां दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और कहा कि डेंगू मच्छर नियंत्रण को तेज करने के प्रयास में सभी नगर निगम, नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद , छावनी बोर्ड और अन्य पक्षों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि घरों, होटलों , उद्योगों, पानी टंकियों जमा पानी हटाया जाना चाहिए और उन बस्तियों की पहचान की जानी चाहिए जहां पानी खपत के लिए संग्रहीत किया जाता है। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक एवं अवर सचिव विकास शील दिल्ली के अवसर मुख्य सचिव स्वास्थ्य भूपिंदर भल्ला तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बहुत से गरीब लोग डेंगू से प्रभावित होते हैं जो कम प्लेटलेट्स के कारण कमजोर हो जाते हैं। उन्होंने व्यापक स्तर पर डेंगू परीक्षण पर जोर देते हुए कहा कि डेंगू की पहचान करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षण में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि सभी मामलों की रिपोर्ट की जा सके और ठीक से इलाज किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच प्रभावी समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ अस्पतालों में डेंगू के मामलें अधिक हैं जबकि अन्य अस्पतालों में बिस्तर खाली हैं। उन्होंने दिल्ली के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे डेंगू के इलाज के लिए कोविड बिस्तरों को फिर से तैयार करने की संभावना पर गौर करें।

यह निर्णय लिया गया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के स्वास्थ्य अधिकारी डेंगू से निपटने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए सहयोग देंगे। दिल्ली सरकार ने डेंगू को एक अधिसूचित बीमारी घोषित किया है जो बीमारी की रिपोर्टिंग और निगरानी को बढ़ाएगी। दिल्ली बुखार के सभी मामलों, डेंगू के संदिग्ध मामलों और पुष्ट मामलों की निगरानी कर रही है। सभी अस्पतालों को मच्छरों की 'जीरो टॉलरेंस' वाले स्थलों में बदल दिया गया है। श्री मांडविया ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को डेंगू के ज्यादा मामले वाले राज्यों की पहचान करने और विशेषज्ञों कर दल भेजने का निर्देश दिया।



# एक नज़र

## इस दीपावली उत्तर-पश्चिम से आ रही हवा के कारण वाराणसी में प्रदूषण से रहेगी राहत, बढ़ने लगी है ठंड

**वाराणसी (एजेंसी)** पश्चिमोत्तर यानी कश्मीर के पहाड़ों से आ रही हवा ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया है। यह क्रम अभी चलेगा। वाराणसी में रविवार को करीब छह किमी की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम हवा चली। खास बात यह है कि ये हवा ठंड के साथ ही स्वच्छ भी है। ऐसे में अबकी दीपावली में प्रदूषण से राहत रहने की संभावना है।

अगर आसमान में बादल नहीं छाए तो धुंध का भी प्रभाव कम ही रहेगा। कश्मीर से आ रही ठंडी हवा के कारण न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस हो गया था। यही वजह है कि अब कम स्पीड वाली पंखे की हवा भी बर्दाश्त से बाहर होने लगी है। मौसम विज्ञानी प्रो. एसएन पांडेय बताते हैं कि उत्तर-पश्चिम से आ रही हवा के कारण अचानक ठंड बढ़ने लगी है। दीपावली तक यही स्थित जारी रहने की उम्मीद है। फिलहाल औसत तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से भी कम चल रहा है, जो शरीर के सामान्य तापमान से लगभग 14-15 डिग्री कम है। बीएचयू के मौसम विज्ञानी प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव बताते हैं कि पिछली ठंडी व अन्य के मुकाबले इसबार साफ हवा आ रही है। यही कारण है कि प्रदूषण नहीं दिख रहा है।

अगर यही स्थिति रही तो दीपावली में भी प्रदूषण से छुटकारा रहेगा। हालांकि उत्तर-पश्चिम के प्रदेशों में आतिशबाजी या पराली जलाने के कारण कुछ दिनों बाद प्रदूषण का असर यहां भी देखने को मिल सकता है। प्रो. श्रीवास्तव अनुसार हवा नहीं चलने और तापमान कम होने से प्रदूषण का प्रभाव धुंध या बादलों के रूप में दिखता है। इस बार हवा चल रही है। इस कारण दीपावली पर प्रदूषण का असर कम रहने की संभावना है।

## पांच लाख का इनामी शाइन सिटी का पार्टनर आसिफ गिरफ्तार, लखनऊ पुलिस ने प्रयागराज में दबोचा

**लखनऊ (एजेंसी)** नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की तरह लाखों लोगों से 60 हजार करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले शाइन सिटी के डायरेक्टर व महाठग राशिद नसीम के भाई आसिफ नसीम को लखनऊ पुलिस ने प्रयागराज से धर दबोचा। पुलिस उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो चुकी है। उसके खिलाफ लखनऊ में करीब 500 और दूर देश में पांच हजार से अधिक ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने आसिफ नसीम की गिरफ्तारी की पुष्टी की।

उन्होंने बताया कि आसिफ शाइन सिटी का पार्टनर था। कर्मचारी ने प्रयागराज हाईकोर्ट में दायर की थी रिट: कुछ माह पहले राशिद नसीम की कंपनी में काम करने वाले विजलेश केसरवानी ने पीड़ितों का एक संगठन तैयार करके प्रयागराज हाईकोर्ट में कंपनी के खिलाफ 60 हजार करोड़ से अधिक की ठगी की रिट दायर की थी। ठगी में उसकी पत्नी समेत कंपनी के 50 से अधिक कर्मचारी आरोपित हैं। वर्ष 2019 में महाठग नेपाल से हुआ था गिरफ्तार, अब दुबई से चला रहा नेटवर्क: राशिद नसीम को वर्ष 2019 में नेपाल के काठमांडू से गिरफ्तार किया गया था। बाद में नेपाल से उसे जमानत मिल गई थी। इसके बाद वह दुबई भाग गया था।

अब वह दुबई से नेटवर्क चला रहा है और जार्जिया की नागरिकता लेने के की तैयारी में है। वहीं, एसटीएफ ने बीते 30 जून को शाइन सिटी के नेशनल हेड बृज मोहन सिंह को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। राशिद ने 2013 से शुरू किया था ठगी का कारोबार फिर भाई को जोड़ा: राशिद नसीम प्रयागराज करेली के जीटीबी नगर का रहने वाला है। करीब 20 साल पहले उसने स्पीक एशिया मल्टी लेवल मार्केटिंग कंपनी में एजेंट की नौकरी शुरू की थी। शातिर दिमाग नसीम ने यहीं पर रहकर निवेशकों को ठगने की कला सीखी। इसके बाद वर्ष 2013 में उसने शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से हाउसिंग कंपनी और उसके बाद 50 से अधिक कंपनियां खोल डाली। उसने अपने भाई आसिफ को कंपनी में पार्टनर बनाया था।

## दिल्ली में मिलीं लखीमपुर की तीनों छात्राएं, परिजनों से हुई थीं नाराज

**लखीमपुर (एजेंसी)** निघासन से बीते शनिवार को संदिग्ध हालातों में लापता हुई तीनों छात्राएं दिल्ली में मिल गई हैं। पुलिस तीनों को सकुशल बरामद कर लखीमपुर वापस ला रही है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि छात्राएं किन्हीं कारणों से अपने घरवालों से नाराज होकर घूमने फिरने के इरादे से दिल्ली चली गई थीं। निघासन की निवासी तीनों छात्राएं वहीं के एक विद्यालय में पढ़ती हैं।

शनिवार को तीनों स्कूल तो गई लेकिन, वापस घर नहीं पहुंची। इस पर परिवारजन को चिंता हुई तो उन्होंने विद्यालय जाकर पता किया। तब वहां पता चला था कि वह तीनों छात्राएं विद्यालय आई तो जरूर थीं पर कुछ देर बाद सुबह 9.08 बजे ही वहां से निकल गई थीं। इसकी पुष्टि विद्यालय के पास लगे सीसी कैमरे की फुटेज में भी हुई थी। इसके बाद परिवारजन की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छात्राओं की तलाश शुरू कर दी थी। इसमें आसपास लगे तमाम सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और उनसे मिली मदद के आधार पर पुलिस ने छात्राओं की लोकेशन ट्रेस कर रविवार देर रात उनके दिल्ली में होने का पता लगा लिया।

एसपी विजय ढुल ने बताया कि छात्राएं अपने परिवारजन से नाराज होकर घूमने फिरने के लिए दिल्ली चली गई थीं। उनका पता लगा लिया गया है। पुलिस टीम ने दिल्ली जाकर तीनों छात्राओं को सकुशल बरामद कर लिया है। उन्हें वापस लाया जा रहा है। रविवार को ही मिल गए थे छात्राओं के दिल्ली में होने के संकेतः निघासन की तीनों छात्राओं के लापता होने के बाद जब पुलिस ने सिलसिलेवार सीसी कैमरों की फुटेज खंगाले तो यह बात सामने आई कि छात्राएं निघासन में बस में बैठीं और वहां से पलिया पहुंच गईं।

पलिया बस अड्डे पर छात्राओं को बस से उतरते भी देखा गया। इसके बाद उनकी लोकेशन रविवार को ही गाजियाबाद में होने की मिल गई थी। तभी लखीमपुर से पुलिस टीम गाजियाबाद को रवाना हो गई थी। इस बीच छानबीन में लगी टीम को देर शाम छात्राओं के दिल्ली में होने का पता चल गया, जिसके बाद तीनों छात्राओं को पुलिस ने बरामद कर लिया।

## मेरठ के मवाना में छात्रा से छेड़छाड़, पुलिस ने आरोपित को छोड़ा, स्वजन का थाने में हंगामा

**मेरठ (एजेंसी)** मवाना नगर में स्कूल-कॉलेज खुलते ही छेड़छाड़ की घटनाएं शुरू हो गई हैं। एक छात्रा से कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहे आरोपित को शिकायत पर पुलिस ने पकड़ लिया, लेकिन उसे बाद में छोड़ दिया। इस पर छात्रा के स्वजन ने थाने पर हंगामा किया। नगर निवासी छात्रा एक स्कूल में पढ़ती है। एक लड़का कई दिनों से उसका पीछा कर रहा था। आरोप है कि शनिवार को जब वह स्कूल से लौट रही थी कुछ लड़कों के साथ वहां पहुंचा और रास्ता रोक लिया। छेड़छाड़ करते हुए उठाकर ले जाने की धमकी दी। पीड़िता ने स्वजन को जानकारी दी। उन्होंने उक्त मामले में तहरीर दी।

पुलिस ने तब भी मामला गंभीरता से नहीं लिया। छात्रा मेला देखने गई थी। रविवार शाम जब वह स्वजन के साथ मेला देख कर घर लौट रही थी तो आरोपित ने फिर फब्तियां कसीं। इसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपित को पकड़कर थाने ले गई, लेकिन सुबह जब छात्रा के स्वजन थाने पहुंचे तो आरोपित नहीं मिला। उन्होंने पुलिस पर मिलीभगत कर आरोपित को छोड़ने का आरोप लगा हंगामा किया। इंस्पेक्टर विष्णु कौशिक का कहना है उक्त मामले में कोई तहरीर नहीं आई थी, आरोपित को कुछ घंटे बैठा कर छोड़ दिया गया।

शास्त्री नगर के रहने वाले पलाश मित्तल ने मेडिकल थाने में तहरीर दी। आरोप है कि पंजाब नेशनल बैंक में नौकरी के नाम पर कंकरखेड़ा के रहने वाले अमित ठाकुर ने उनसे 15-15 हजार वसूली की। पलाश के अलावा भी सरधना की रहने वाली आंचल और ज्योति से भी रकम वसूली गई है। नौकरी न मिलने के बाद छात्रों ने अमित ठाकुर से रकम वापस करने की मांग की। उसके बाद अमित ने रकम देने से इन्कार कर दिया। साथ ही मारपीट करने की धमकी दी। पीड़ित छात्रों ने मेडिकल थाने में मामले की तहरीर दी है।

# गोरखपुर में बोलीं प्रियंका गांधी, सत्ता में आए तो 20 लाख युवाओं को देंगे रोजगार- बस में महिलाएं मुफ्त में करेंगी यात्रा



**गोरखपुर (एजेंसी)** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने 31 अक्टूबर को गोरखपुर में कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनी तो 20 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। महिलाओं को रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

एक साल में रसोई गैस का तीन सिलेंडर फ्री में मिलेगा। आशा बहुओं और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढाकर 10 हजार रुपये किया जाएगा, संविदा कर्मियों को नियमित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ गोरखपुर में आयोजित प्रतिज्ञा रैली में आई हजारों की भीड़ के बीच आधे घंटे के अपने संबोधन में पूरी तरह चुनावी मूड में नजर आई प्रियंका ने वादों की झड़ी भी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में कांग्रेस की जमीन तैयार करने रविवार को गोरखपुर पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भाजपा सरकार पर हमलावर रहीं। महंगाई और निजीकरण के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि हमने रेलवे, हवाई जहाज और सड़कें दीं, लेकिन अब यह सब बिक रहा है। हमारी 70 साल की मेहनत को भाजपा ने सात साल में गंवा दिया। प्रतिज्ञा रैली में बेरोजगारों की नब्ज पर हाथ रखते हुए कहा कि सरकारी क्षेत्र में दस लाख पद खाली हैं, लेकिन बेराजगारी से परेशान तीन युवा रोजाना आत्महत्या कर रहे हैं। हम सरकार में आए तो बीस लाख युवाओं को नौकरी देंगे। संविदाकर्मियों को नियमित करने के साथ आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार रुपये किया जाएगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर हमला करने के साथ वादों की झड़ी लगा दी। मंच से गुरु गोरखनाथ की जयकार लगाने वाली प्रियंका गांधी ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद गोरखपुर में गुरु मत्स्येंद्र नाथ के नाम पर विश्वविद्यालय खोलने का वादा किया। निषादों को साधने के लिए प्रियंका ने मत्स्य पालन को कृषि में शामिल करने की बात कही।

लखीमपुर की घटना के जरिये सूबे में बढ़ते अपराध की चर्चा करते हुए उन्होंने गगहा की उस बेटी का भी जिक्र किया, जिसने अपने पिता को बदमाशों से बचाने में अपनी जान गंवा दी। विश्वविद्यालय परिसर में छात्रा की मौत और मनीष गुप्ता हत्याकांड में अब तक परिवार को इंसाफ न मिलने की बात कहते हुए प्रियंका ने कहा कि जब मुख्यमंत्री के शहर में यह स्थिति है तो प्रदेश में क्या हालात होंगे, आप अंदाजा लगा सकते हैं। गुरु गोरक्षनाथ की धरती पर उतरीं प्रियंका ने मंच से गुरु गोरक्षनाथ और मत्सयेंद्रनाथ की जयकार लगाने के साथ निषादों को साधने का भी पूरा प्रयास किया। बाबा गोरखनाथ के गुरु मत्स्येंद्र नाथ के नाम पर गोरखपुर में विश्वविद्यालय खोलने का वादा करने के साथ ही मत्स्य पालन को कृषि में शामिल करने की बात कही। प्रदेश में बढ़ते अपराध की चर्चा करते हुए प्रियंका ने गोरखपुर की घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री के शहर में यह हालात हैं तो प्रदेश में स्थिति क्या होगी, आप अंदाजा लगा लें। गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी दादी इंदिरा गांधी के बलिदान को भी याद किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उनकी सरकार बनी तो ग्रामीण क्षेत्र के बीस लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मत्स्य पालन को कृषि में शामलि किया जाएगा। गेहूं धान की एमएसपी 2500 और गन्ने की 4000 रुपये की जाएगी। अन्ना पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा, जिससे उनकी जान भी बच जाए और किसानों का नुकसान भी न हो। प्रियंका गांधी ने संविदाकर्मियों को साधते हुए कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो संविदाकर्मियों की नियमित करने के साथ ही आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 10 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। सरकार बनने पर महिलाओं को तोहफा देने का वादा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो लड़कियों को सरकारी बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। गरीब परिवारों को साल में तीन मुफ्त सिलेंडर भी दिया जाएगा। इंटर पास करने पर बेटियों को मुफ्त स्मार्टफोन और स्नातक होने पर स्कूटी देने का ऐलान हम पहले ही कर चुके हैं। जन सैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। गगहा में पिता को बचाने की कोशिश में हुई छात्रा की हत्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जिले में यदि इस तरह हो रहा है तो बाकी प्रदेश में की क्या स्थिति है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सपा-बसपा के नेता कहते हैं कि कांग्रेस भाजपा से मिली है। मैं मर जाऊंगी जान दे दूंगी, भाजपा के साथ कभी नहीं जाऊंगी।

# सीएम योगी ने कहा-जिन्ना से सरदार वल्लभ भाई पटेल की तुलना गलत, जनता इस मानसिकता को नकार देगी

**आजाद भारत को अखंड भारत रखने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है। उनके लिए इस तरह की बात करने वाले सिर्फ परिवार के बारे सोचते हैं। विभाजनकारी मानसिकता के कारण देश तोड़ने वाले जिन्ना की तुलना कर रहे हैं। ये तालिबानी मानसिकता है जो तोड़ने का कार्य करती है।**



**मुरादाबाद (एजेंसी)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सपा पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में कहा कि जो लोग लौह पुरुष की तुलना जिन्ना से कर रहे हैं, उनकी तालिबानी मानसिकता है।

सीएम ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि जिन्ना से सरदार वल्लभ भाई पटेल की तुलना करने वालों को जनता सबक सिखाए। आजाद भारत को अखंड भारत रखने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है। उनके लिए इस तरह की बात करने वाले सिर्फ परिवार के बारे सोचते हैं। विभाजनकारी मानसिकता के कारण देश तोड़ने वाले जिन्ना की तुलना कर रहे हैं। ये तालिबानी मानसिकता है जो तोड़ने का कार्य करती है। सीएम ने कहा कि पहले की सरकार में आयोजन नहीं करने दिए जाते थे। केंद्र सरकार लगातार पूर्व प्रदेश सरकार को यह कह रही थी कि अधिक से अधिक लोगों को आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए।

हर गरीब को निश्शुल्क राशन मिलना चाहिए, हर गरीब को फ्री में बिजली कनेक्शन देना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। पूर्व की सरकार के लिए उनका परिवार ही प्रदेश था, भाजपा सरकार ने जनता को ही अपना परिवार माना। मुख्यमंत्री ने यहां आवास योजना के लाभार्थियों को गृह प्रवेश योजना के तहत सांकेतिक चाबी प्रदान की। पुलिस लाइन के मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के जल शक्ति मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह, पंचायत राज मंत्री भूपेंद्र सिंह, मंत्री बलदेव औलख, परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, समेत सभी विधायक और पूर्व सांसद मौजूद रहे। भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कहा था कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना एक ही संस्था से पढ़कर निकले। बैरिस्टर बने और उन्होंने आजादी दिलाई। यह भी कहा था कि आजादी के लिए हर तरह का संघर्ष किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के मैदान में पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश में पूरी पारदर्शिता के साथ डेढ़ लाख पदों को भरा है, इसके साथ ही तकनीकी स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम किया है। प्रशिक्षण केंद्रों में क्षमताओं को बढ़ाने का काम किया गया है। कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में फोरेंसिक साइंस की अहम भूमिका होती है। वर्तमान समय में तकनीक को बढ़ावा देकर ही अपराध को रोका जा सकता है। प्रदेश में फोरेंसिक साइंस में अभूपपूर्व बढ़ोतरी होगी। पुलिस उपाधीक्षक का पद महत्वपूर्ण होता है। वर्तमान समय में अपराधी विभिन्नि तकनीकी का प्रयोग कर अपराधों को अंजाम देते हैं। पास हुए डिप्टी एसपी से कहा कि आज से आप पुलिस की सक्रिय सेवा में योगदान देने जा रहे हैं।

## नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- यूपी सरकार फ्यूल पर वैट घटाए तो बिछा देंगे एयरपोर्ट का जाल

**कानपुर (एजेंसी)** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यूपी में विमान सेवाएं बढ़ाने और एयरपोर्ट सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सराकर को कठघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि उत्तर प्रदेश सरकार फ्यूल से वैट घटाने की मांग पूरी कर दे तो प्रदेश में एयरपोर्ट का जाल बिछा देंगे और विमान सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा। उन्होंने सोमवार को कानपुर चकेरी एयरपोर्ट पर इंडिगो द्वारा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए विमान सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया। विमानन कंपनी इंडिगों ने कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट से मुंबई, बैंगलुरू और हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की हैं।



सेवा का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कानपुर के क्रांतिकारी इतिहास का जिक्र करते हुए कहा यह त्याग तपस्या और बलिदान की भूमि है। कानपुर को जो चाहिए था, उससे ज्यादा दिया है, यहां पर समय से टर्मिनल बिल्डिंग बनाकर देंगे। इसके एवज में उन्होंने प्रदेश सरकार से फ्यूल पर वैट घटाने की मांग की थी। यदि वैट कम हुआ तो प्रदेश में एयरपोर्ट का जाल बिछा देंगे। विमानन कंपनी इंडिगो के चीफ स्ट्रेट्जी एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा हमे कानपुर से मुंबई, बैंगलुरू और हैदराबाद को सीधी उड़ानें शुरू करने एवं अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को मजबूत करने की खुशी है। ये नए मार्ग उत्तर भारत में एक प्रमुख वित्तीय एवं औद्योगिक केंद्र कानपुर को देश के पश्चिमी व दक्षिणी हिस्से से जोड़ेंगे।

इन क्षेत्रों में व्यापार व वाणिज्य की वृद्धि करेंगे। कानपुर के नागरिकों को मुख्य पर्यटन केंद्रों, जैसे गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई), चारमीनार (हैदराबाद), और कुबोन पार्क (बेंगलुरु) की सीधा संपर्क मिलेगा, जिससे पर्यटन का विकास होगा। हम अपने श्रेष्ठ विमानों द्वारा यात्रा का किफायती, समयबद्ध, सुरक्षित व सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कानपुर से नई उड़ान शुरू हो जाने से उत्तर प्रदेश से इंडिगो की साप्ताहिक उड़ानें चालू रहेंगी।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का बड़ा ऐलान- नहीं लड़ेंगे यूपी का विधानसभा चुनाव, बाद में कहा- पार्टी तय करेगी

**लखनऊ (एजेंसी)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि वह उत्तर प्रदेश का अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अखिलेश यादव आजमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद हैं।

हालांकि इस बयान के बाद में पार्टी के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि अखिलेश यादव इस बार चुनव लड़ेंगे या नहीं, यह पार्टी अभी तय करेगी। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ा था।

आजमगढ़ से सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि वह छोटी पार्टियों से गठबंधन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के लिए उनकी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के बीच गठबंधन के बाद सीटों पर अंतिम चरण में बातचीत चल रही है। चुनाव में चाचा शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया को साथ लेने की संभावना पर कहा



कि मुझे इसमें कोई समस्या नहीं है। उन्हें और उनके लोगों को उचित सम्मान दिया जाएगा। दरअसल, अखिलेश यादव विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर अपना पूरा ध्यान रखना चाहते हैं। शायद यही वजह है कि वह विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। हालांकि बाद में पार्टी के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि अखिलेश यादव इस बार चुनव लड़ेंगे या नहीं, यह पार्टी अभी तय करेगी। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के लिए उनकी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है।

उन्होंने कहा कि रालोद के साथ हमारा गठबंधन अंतिम है। सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाना है। सपा चीफ अखिलेश यादव इन दिनों समाजवादी विजय रथ यात्रा पर हैं। उनके निशाने पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ही हैं। रविवार को हरदोई में जनसभा के दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को एक जैसा बताया।

कहा कि ईडी और सीबीआइ जांच कराने की आदत कांग्रेस की रही और उसी रास्ते पर भाजपा भी चल रही है। कहा कि भाजपा जो दावा करती है कि सरदार पटेल के रास्ते पर चल रहे हैं, लेकिन आज सबसे ज्यादा किसान दुखी हैं।

किसानों की आय दोगुनी नहीं हो सकी, जिस तरीके से सरकार चल रही है, सब अपमानित हो रहे हैं, कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। उन्होंने यूपी कांग्रेस के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस आईना क्या दिखाएगी।

## रायबरेली में तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े ट्रेलर में घुसी, हादसे में लखनऊ के दो युवकों की मौत

**रायबरेली (एजेंसी)** कार की बेकाबू रफ्तार ने दो युवकों की जान ले ली। आधी रात को लखनऊ से रायबरेली पहुंची कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में घुस गई। इस भीषण हादसे में कार सवार समेत लखनऊ के दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, रविवार की रात लगभग 12 बजे कबरई से गिट्टी लादकर अयोध्या जा रहा ट्रेलर लालगंज-बछरांवा मुख्य मार्ग पर तहसील के सामने अचानक खराब हो गया।

चालक जयकरन तथा खलासी योगेंद्र नीचे उतरकर पहियों के आगे-पीछे ईट लगा रहे थे, तभी लालगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ट्रेलर में भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को किसी प्रकार कार से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान सत्येंद्र पुत्र चंद्रपाल सिंह व सीमान सिंह पुत्र कृष्णपालसिंह निवासी आईमामऊ,अर्जुनगंज, लखनऊ के रूप में हुई है। कोतवाल इंद्रपाल सिंह ने बताया कि शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रेलर के चालक व परिचालक को पकड़ा गया है। खड़े वाहन में कार के भिड़ने की वजह से दुर्घटना हुई है। उल्लेखनीय है कि लालगंज-फतेहपुर मुख्य मार्ग पर ढाबों के निकट भी सड़क के दोनों तरफ मौरंग,गिट्टी लादे व खाली ट्रक चौबीसों घंटे खड़े रहते हैं जो दुर्घटनाओं का सबब बनते रहते हैं।

# यूपी में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान आज से शुरू

**लखनऊ (एजेंसी)** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ कर दिया है। एक जनवरी 2022 को जिनकी उम्र 18 वर्ष की हो जाएगी उन्हें मतदाता बनाने के लिए अभियान में विशेष फोकस किया जाएगा।

इस दौरान सात, 13, 21 व 27 नवंबर को विशेष अभियान चलेगा। सभी पोलिंग बूथ पर मतदाताओं के नाम जोड़ने व हटाने के लिए विशेष कैंप लगेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने सोमवार को मतदाता सूची का प्रदेश स्तरीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ किया। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक नवंबर से 30 नवंबर तक पूरे प्रदेश में मतदाताओं के नाम जोड़ने व काटने के लिए अभियान चलाया जाएगा।



एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनाने के लिए विशेष फोकस रहेगा। युवा ऑनलाइन माध्यम से या फिर ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन आज कर दिया गया है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व नाम कटवाने के लिए दावे और आपत्तियां एक नवंबर से 30 नवंबर तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 20 दिसंबर तक करते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी, 2022 को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरा जाएगा। किसी प्रवासी द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6ए, नाम कटवाने के लिए फार्म-7, मतदाता सूची में दर्ज नामों में त्रुटियां ठीक कराने के लिए फार्म-8 तथा एक निर्वाचन क्षेत्र में निवास स्थान को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8ए भरकर संबंधित पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारी, मतदाता पंजीकरण केंद्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में से किसी एक जगह प्रस्तुत कर सकते हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मदेव राम तिवारी ने कहा कि कोई भी मतदाता छूटने न पाए यह चुनाव आयोग का संकल्प है। 30 नवंबर तक जमा होने वाले आवेदन पत्रों का सत्यापन 20 दिसंबर तक कर लिया जाएगा व पांच जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रत्येक वालिंटियर को पांच-पांच मतदाता बनाने का संकल्प भी दिलाया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने एवं संशोधन आदि के लिए भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट www.voterportal.eci.gov.in एवं nvsp.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर मोबाइल से भी यह सेवाएं ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in पर उपलब्ध हैं। इसमें कोई भी मतदाता अपना नाम ढूढ़ सकते हैं। कोरोना संक्रमण को देखते हुए 1500 के बजाय 1200 मतदाताओं पर एक पोलिंग स्टेशन बनाया गया है। ऐसे में 1,63,494 पोलिंग स्टेशनों के सापेक्ष अब बढ़कर 1,74,351 पोलिंग स्टेशन हो गए हैं। ऐसे में कुल 10,857 पोलिंग स्टेशन बढ़ गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल 14.71 करोड़ मतदाता हैं।

# केजरीवाल सरकार भिखारियों को जैम, जेली और अचार बनाने की दिलवाएगी ट्रेनिंग, बनाया ये प्लान

**समाज कल्याण विभाग ने दिल्ली में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों का किया सर्वे, पीईएबी के तहत भिखारियों का किया जाएगा पुनर्वास**

**सर्वे के अनुसार दिल्ली में कुल 20719 भिखारियों की हुई पहचान, जिसमें 10,987 पुरुष और 9,541 महिलाएं शामिल हैं**

विकास.ओपन सर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग ने दिल्ली को भिखारी मुक्त बनाने के उद्देश्य से ठोस पहल की शुरूआत कर दी है। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने आज पायलट प्रोजेक्ट के तहत मध्य जिले में दो प्रशिक्षण एवं कौशल विकास केंद्रों का शुभारम्भ किया है, जहां भिखारियों को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इससे पहले, समाज कल्याण विभाग ने दिल्ली में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों का सर्वे किया, जिनका पीईएबी के तहत पुनर्वास किया जाएगा। इस सर्वे में दिल्ली में 20719 भिखारियों की पहचान हुई है, जिसमें 10,987 पुरुष और 9,541 महिलाएं शामिल हैं। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि विभाग सर्वेक्षण में मिले भिखारियों का व्यापक स्तर पर पुनर्वास की रणनीति तैयार कर रहा है। हमारा उद्देश्य भिखारियों का पुनर्वास कर दिल्ली को भिखारी मुक्त बनाना है। हम भिखारियों को कौशल प्रशिक्षण देंगे, ताकि वे रोजगार कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग ने आज दिल्ली में भीख मांग कर अपना गुजरा करने वाले लोगों का सर्वे रिपोर्ट पेश किया है, जिनका भीख मांगने के अधिनियम (पीइएबी) के तहत पुनर्वास किया जाएगा। फरवरी 2021 में, मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के सहयोग से समाज कल्याण विभाग ने भीख मांगने के अधिनियम (पीईएबी) के तहत दिल्ली में भीख मांगने में लगे लोगों की पहचान करने के लिए जमीनी स्तर पर सर्वे शुरू किया था। इस सर्वेक्षण में यह पाया गया कि दिल्ली के सभी 11 जिलों में करीब 20,719 लोग भीख मांगकर अपना गुजारा करते हैं। इन 20719 भीखारियों में से 53 फीसद यानि 10,987 पुरुष हैं, जबकि 46 फीसद यानि 9,541 महिलाएं हैं। वहीं, इसमें एक फीसद यानि 191 ट्रांसजेंडर भी हैं, जो भीख मांग कर अपना गुजारा करते हैं, जबकि भिखारियों की सबसे अधिक संख्या पूर्वी दिल्ली में पाई गई है। यहां पर करीब 2797 लोग भीख मांगने के काम में लगे पाए गए। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि गरीबी के साथ-साथ कई अन्य कारणों के परिणाम स्वरूप नसेग भिक्षावृत्ति का सहारा लेते हैं। लोग अपनी सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के कारण भीख मांगने के लिए मजबूर हैं। यह समाज का सबसे कमजोर वर्ग है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने ऐसे लोगों



की पहचान के लिए एक पायलट आधार पर सर्वेक्षण किया और साथ ही एक योजना तैयार की है, जिसके जरिए भिक्षावृत्ति में लगे लोगों का पुनर्वास किया जा सके। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग ने दिल्ली में भिखारियों के पुनर्वास के लिए एकीकृत कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भिखारियों का पुनर्वास करके दिल्ली को भिखारी मुक्त शहर बनाना है। साथ ही, भिखारियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल विकास का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा आ सकें और रोजगार करके दिल्ली की अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए अपना योगदान दे सकें। इस पायलट परियोजना का उद्देश्य भीख मांगने के कार्य में लगे लोगों के पुनर्वास के लिए एक स्थाई मॉडल तैयार करना है। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने आज दिल्ली के मध्य जिले में दो केंद्रों पर प्रशिक्षण एवं कौशल निर्माण के माध्यम से आजीविका सहायता पर एक पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। यह दोनों केंद्र, आश्रय गृह कटरा मौला बक्स, रोशनारा रोड (पुरुष) पर और आश्रय गृह (डूसिब नाइट शेल्टर), खैरिया मोहल्ला, रोशनारा रोड (महिला) पर क्रमशः पुरुष और महिला भिखारियों के पुनर्वास के लिए खोले गए हैं। इन दोनों केंद्रों पर आजीविका आधारित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए दो संगठनों को जिम्मेदारी दी गई है। मोज़ेक प्रा. लिमिटेड संगठन को महिलाओं के लिए खाद्य प्रसंस्करण (जैम, जेली और अचार) का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए खारिया मोहल्ला में आश्रय गृह आवंटित किया गया है।

वहीं, आश्रय अधिकार अभियान को कटरा मौला बक्स, रोशनारा रोड पर आश्रय गृह आवंटित किया गया, जिसमें पुरुषों के लिए वॉल पेंटिंग, मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया गया था। एक बैच को यह प्रशिक्षण तीन महीने तक दिया जाएगा। इस पायलट प्रोजेक्ट से प्राप्त अनुभवों को एमओएस एजेएंडई, गृह, दिल्ली पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, डब्ल्यूसीडी, डुसिब, डीसीडब्ल्यू, डीसीपीसीआर, निषेध निदेशालय, राजस्व विभाग, आईएचबीएएस, कमजोर समूहों के साथ काम करने के क्षेत्र में सक्रिय समुदाय आधारित संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों के सहयोग से दिल्ली के सभी जिलों में दोहराया जाएगा।

# युद्ध प्रदूषण के विरूद्ध अभियान के तहत स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूक किया : मंत्री गोपाल राय

**स्कूली बच्चों से अपील इस बार धूम-धड़ाम वाली दीपावली नहीं जगमगाती हुई दीपावली मनाएं : गोपाल राय**

**बच्चे अपने दोस्तों को जागरूक करें कि दीया से दीवाली होती है और पटाखे से प्रदूषण होता है, प्रदूषण भगाना है और दीपावली मनाना है : गोपाल राय**



धर्मेन्द्र सिंह लोधी.ओपन सर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने युद्ध प्रदूषण के विरूद्ध अभियान के तहत आज स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों के साथ ऑनलाईन संवाद किया। इस अवसर पर श्री गोपाल राय ने कहा कि सभी स्कूली बच्चे आज वादा करें कि इस बार धूम धड़ाम-प्रदूषण वाली दिवाली नहीं, जगमगाती हुई दिए वाली दिवाली मनाएंगे।

देश में जब पहली बार दिवाली मनाने की परंपरा शुरू हुई उस समय पटाखे नहीं थे। उस समय दिए जलाकर दिवाली की शुरुआत हुई थी। अब हमें अपनी पुरानी परंपरा की तरफ वापस लौटना है। बच्चे अपने दोस्तों को जागरूक करें कि द से दिया और दिया से दिवाली होती है, प से पटाखा और पटाखा से प्रदूषण होता है। प्रदूषण भगाना है और दीपावली मनाना है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रदूषण को कम करने तथा पटाखें नहीं, दीये जलाए, अभियान को सफल बनाने के लिए पर्यावरण मंत्री के साथ शपथ लिया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एंटी क्रैकर अभियान के तहत स्कूली बच्चों और इको क्लब से जुड़े हुए छात्रों-शिक्षकों से आज ऑनलाईन बातचीत की। दिल्ली सचिवालय स्थित वार रूम के जरिए दिल्ली वासियों को पटाखे नहीं दिए जलाने के लिए जागरूक किया। इसमें अलग-अलग स्कूल, इको क्लब के छात्र? और शिक्षक जुड़े। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, जवान, बच्चों सहित सभी को जिंदगी चलाने के लिए जैसे खाना खाना पड़ता है औरपानी पीना पड़ता है, वैसे ही सांस लेने के लिए ऑक्सीजन चाहिए। हम जो सांस लेते हैं वह पूरे वायुमंडल में फैली हुई है। लोग जिंदगी को बेहतर बनाने और सुविधा के लिए जो काम करते हैं उससे हवा खराब हो जाती है। घर, स्कूल, सड़क, ऑडिटोरियम बनाने के लिए खुदाई होती है तो उससे धूल उड़ती है। जब धूल उड़ती है तो उसके छोटे-छोटे कण हवा में मिल जाते हैं। जब हम सांस लेते हैं तो वह हमारे अंदर चली जाती है। गाड़ियां को सड़क पर चलाने के लिए पेट्रोल-डीजल जलाना पड़ता है। उनसे धुआं निकलता है और वह सब हवा में मिलता है। जब सांस लेते हैं तो वह अंदर जाता है।


उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में जगह-जगह आग लगती है। कूड़े जलाए जाते हैं, पार्कों में लोग पत्तियां जला देते हैं। इससे निकलने वाला धुआं वातावरण को खराब करता है। दिल्ली के अंदर जो प्रदूषण है वह सिर्फ दिल्ली वालों का नहीं है। दिल्ली के बाहर से भी आता है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में धान की खेती हुई है। उसका जो डंठल बच जाता है। उसको लोग जला देते हैं। जिससे जो धुंआ पैदा होता है वह दिल्ली में आ कर परेशान करता है। उसी तरह से दिल्ली के आसपास घटनाएं होती है उससे भी यहां पर प्रदूषण बढ़ता है। गोपाल राय ने कहा कि सरकार इन्हें कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन दिवाली आ रही है। इसमें दिए कम जलते हैं और पटाखे ज्यादा जलते हैं। पटाखे जलने से अच्छा तो लगता है लेकिन इन पटाखों की जलने से जो धुआं पैदा होता है वह सब वापस सांसों के माध्यम से हमारे अंदर आता है। यह हमारे फेफड़ों और शरीर को नुकसान पहुंचाता है। उससे लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

# दिल्ली पुलिस ने बिना वैध दस्तावेज के रह रहे दो विदेशी नागरिकों को पकड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी ने बताया कि दो विदेशी नागरिकों को उनके मूल देश डीपोर्ट किया गया है। इसके अलावा पांच विदेशियों के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उपायुक्त के अनुसार तमाम कार्रवाई आपरेशन वर्चस्व के तहत की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित के नाम सांड्रा ओसेज व मार्क याओ है। विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत बेंजामिन, संडे, लकी, मुआबनुइयाने व जिम्मी को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय वायुसेना और रेलवे में फर्जी भर्ती का गिरोह चलाने के मामले में वायुसेना के एक कर्मचारी को दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने कहा कि इस मामले में सह-आरोपित पहले से जमानत पर है। आरोपितों से लेनदेन का कोई साक्ष्य नहीं है। इसके मद्देनजर आरोपित कर्मचारी को जमानत दी जा रही है।



पीठ ने कहा कि इस मामले में आरोपपत्र दायर हो चुका है। अभियोजन पक्ष ने ऐसी कोई रसीद नहीं दिखाई है जिससे साबित हो कि आरोपित ने कई इच्छुक उम्मीदवारों से 2.70 करोड़ रुपये का कथित लेनदेन किया था। रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि सभी लेनदेन बिना किसी रसीद के हुआ था। पीठ ने कहा कि जांच के दौरान आरोपित के तीन मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। आरोपित के पास बरामद करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। वह जनवरी से न्यायिक हिरासत में है।

साथ ही कहा कि आरोपित द्वारा साक्ष्य से छेड़छाड़ करने की अभियोजन पक्ष की दलील केवल एक आशंका है। वहीं एक अन्य मामले में भारतीय वायुसेना और रेलवे में फर्जी भर्ती का गिरोह चलाने के मामले में वायुसेना के एक कर्मचारी को दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत दे दी। न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने कहा कि इस मामले में सह-आरोपित पहले से जमानत पर है। आरोपितों से लेनदेन का कोई साक्ष्य नहीं है। इसके मद्देनजर आरोपित कर्मचारी को जमानत दी जा रही है।

पीठ ने कहा कि इस मामले में आरोपपत्र दायर हो चुका है। अभियोजन पक्ष ने ऐसी कोई रसीद नहीं दिखाई है जिससे साबित हो कि आरोपित ने कई इच्छुक उम्मीदवारों से 2.70 करोड़ रुपये का कथित लेनदेन किया था। रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि सभी लेनदेन बिना किसी रसीद के हुआ था। पीठ ने कहा कि जांच के दौरान आरोपित के तीन मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं।

आरोपित के पास बरामद करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। वह जनवरी से न्यायिक हिरासत में है। साथ ही कहा कि आरोपित द्वारा साक्ष्य से छेड़छाड़ करने की अभियोजन पक्ष की दलील केवल एक आशंका है।

# आप पार्षदों व पार्टी कार्यकर्ताओं का नगर निगम मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन, कई नेता हिरासत में

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भाजपा शासित नगर निगम में कई महीने से वेतन न मिलने के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों और पदाधिकारियों ने सिविक सेंटर के गेट नंबर पांच का घेराव कर धरना दिया। इस दौरान भाजपा और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। धरना-प्रदर्शन को देखते हुए सिविक सेंटर पर पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान भी मौजूद रहे। दो घंटे तक धरना देने के बाद दो बजे आप पार्षदों ने गेट नंबर पांच पर ताला लगा दिया और गेट के ऊपर चढ़कर नारेबाजी की। साथ ही 30 से ज्यादा पार्षदों ने गिरफ्तारी दी। इस बीच आप पार्षद निगम कर्मचारियों को वेतन देने की मांग वाली तख्तियां, बैनर और पोस्टर भी हाथों में लिए हुए थे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्वी निगम में विपक्ष के नेता मनोज त्यागी ने कहा कि दीवाली पर सभी लोग खरीदारी करते हैं और धूमधाम से त्योहार मनाते हैं, लेकिन, निगम की ओर से कर्मचारियों को वेतन न देने से इनकी दीवाली कैसे मनेगी। इसलिए निगम सभी बकाया कर्मचारियों का वेतन जल्द जारी करे। उत्तरी निगम में विपक्ष के नेता प्रेम चौहान ने कहा कि जब तक निगम की ओर से सभी कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जाएगा आम आदमी पार्टी प्रदर्शन करती रहेगी। कर्मचारियों को वेतन मिलने तक निगम और मेयर के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। दक्षिणी निगम में विपक्ष के नेता विकास गोयल ने कहा कि जब से भाजपा निगम की सत्ता में हैं, तब से निगम कर्मियों को वेतन के नाम पर रुला रही है।



**नई दिल्ली।** बिहार पूर्वी उत्तर प्रदेश छठ पूजा समिति (पंजीकृत) द्वारा पवित्र छठ पूजा का आयोजन ए ब्लाक मिन्टो रोड़ काम्पलेक्स (सी-ब्लाक पार्क के सामने) किया जाएगा। इस पावन पर्व में सम्मलित होने के लिए कौशल किशोर (शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार), सीमा सरोज (राष्ट्रीय महिलाअध्यक्ष एबीपीएमएस एवं समाजसेवी) को बिहार पूर्वी उत्तर प्रदेश छठ पूजा समिति ने आमंत्रित किया। ओपन सर्च

## एक नज़र

## सैल्यूट तिरंगा ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं पर दिया-राजकुमार सिंह

ओपन सर्च



**नई दिल्ली।** सैल्यूट तिरंगा का प्रांतीय अधिवेशन उत्तर प्रदेश के राम पुर में आयोजित किया गया गया। इस अवसर सैल्यूट तिरंगा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि सैल्यूट तिरंगा एक राष्ट्रीय वादी संगठन है। जो देश के विकास के साथ -साथ देश की आन-वान और शान की खातिर काम कर रहा है। बेटी बचाओं-बेटी,बेटी पढ़ाओं को प्रोत्साहन के लिये देश के कौने -कौने में काम कर रहा है और जागरूकता का काम भी कर रहा है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा. राष्ट्रीय प्रभारी जी के पाठक सहित तामाम पदाधिकारियों ने भाग लिया और कहा कि सैल्यूट तिरंगा देश के 28 राज्यों में काम कर रहा है। बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं के साथ -साथ गरीबों के हित के लिये काम कर रहा है। इस अवसर पर संगठन की वार्षिक पुस्तक का अनावरण किया गया।

## दिल्ली के होटल में चल रहा था देह व्यापार का धंधा, दो महिला सहित पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थाना पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में मो. जावेद अली, जानी भंडारी, रजत गुप्ता व दो महिलाएं शामिल हैं। आरोपितों के पास से पुलिस ने 20 हजार रुपये, पांच मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार 29 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि एयरोसिटी स्थित एक होटल में देह व्यापार किया जा रहा है।

इस सूचना के बाद आइजीआइ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में सब इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार, रमेश चंद, राजदीप, रीमा, महिला कांस्टेबल पूजा, विक्रम शामिल थे। पुलिस ने होटल में कमरा बुक कराया और वहां अवैध गतिविधियों में लिप्त दो महिलाओं को पकड़ा। दोनों महिलाओं ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे जानी भंडारी व रजत गुप्ता नामक दलाल के संपर्क में हैं। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। दोनों ने पुलिस को बतया कि इस गिरोह का सरगना जावेद अली है। जावेद भी पुलिस की पकड़ में आ गया। जावेद ने पुलिस को बताया कि वह देश के विभिन्न हिस्सों में फैले दलालों के नेटवर्क से जुड़ा है।

ये संपर्क के लिए वाटसएप का इस्तेमाल करते हैं। द्वारका जिला में पुलिस व बदमाशों के बीच एक के बाद एक हो रही मुठभेड़ के बीच नजफगढ़ में थाने से चंद मीटर की दूरी बदमाशों ने गोलियां चलाकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे डाली है। पहचान छिपाने के इरादे से बदमाशों ने नकाब पहना हुआ था। गोली एक मिठाई की दुकान को निशाने पर लेती हुई चलाई गई है। घटना रविवार शाम करीब छह बजे की है।

## पांच साल में चोरी कर बेच दिए 25 लाख के मोबाइल, दुकान में काम करने वाला ही निकला चोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)** किशनगढ़ इलाके में स्थित एक मोबाइल की दुकान में लगातार चोरी हो रहे मोबाइल के मामले में कंपनी के स्टोर कीपर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस टीम ने चोरी के तीन मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं।

आरोपित की पहचान बलबीर सिंह नेगी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार आठ जुलाई को किशनगढ़ थाना क्षेत्र में आदित्य मोबाइल जोन नाम से मोबाइल शाप चलाने वाले पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने अपने कर्मचारी पर दुकान से मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें आरोपित मोबाइल चोरी करते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने चोरी किए गए मोबाइल को सर्विलांस पर लगा कर आरोपित को उसके किराये के मकान से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह 10 साल से नौकरी कर रहा था। इस दौरान दुकान के मालिक उस पर भरोसा कर दुकान में नहीं आते थे। इसी का फायदा उठाकर उसने धीरे-धीरे मोबाइल बेचने शुरू कर दिए। पीड़ित दुकान मालिक ने बताया कि पांच साल से उसे धंधे में घाटा हो रहा था, लेकिन उसे वजह नहीं पता चल रही थी। इस दौरान उसे पड़ोस के एक व्यक्ति ने बताया कि आपका केयर टेकर सस्ते दामों पर मोबाइल बेचता है। इसके बाद उन्होंने उस पर नजर रखनी शुरू की, जिसमें आरोपित मोबाइल चोरी करते नजर आ गया। पीड़ित ने बताया कि अब तक आरोपित ने 25 लाख रुपये से अधिक की कीमत के मोबाइल चोरी कर बेच दिए हैं।

## फर्जी भर्ती गिरोह चलाने के आरोपित वायुसेना कर्मचारी को मिली जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय वायुसेना और रेलवे में फर्जी भर्ती का गिरोह चलाने के मामले में वायुसेना के एक कर्मचारी को दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत दे दी। न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने कहा कि इस मामले में सह-आरोपी पहले से जमानत पर है। आरोपितों से लेनदेन का कोई साक्ष्य नहीं है। इसके मद्देनजर आरोपित कर्मचारी को जमानत दी जा रही है। पीठ ने आदेश में कहा कि इस मामले में आरोपपत्र दायर हो चुका है।

अभियोजन पक्ष ने ऐसी कोई रसीद नहीं दिखाई है जिससे साबित हो कि आरोपित ने कई इच्छुक उम्मीदवारों से 2.70 करोड़ रुपये का कथित लेनदेन किया था। स्थिति रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि सभी लेनदेन बिना किसी रसीद के नकद हुआ था। पीठ ने कहा कि जांच के दौरान आरोपित के तीन मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। मुकदमे में लंबा समय लगेगा। आरोपित के पास बरामद करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। वह जनवरी से न्यायिक हिरासत में है। साथ ही कहा कि आरोपित द्वारा साक्ष्य से छेड़छाड़ करने की अभियोजन पक्ष की दलील केवल एक आशंका है।

फर्श बाजार इलाके में महिला से सोने की चेन और लाकेट लूटने के मामले में आरोपित को कड़कड़डूमा कोर्ट ने जमानत देने से इन्कार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रविंद्र बेदी के कोर्ट ने आदेश में कहा कि आरोपित दिल्ली का मूल वासी नहीं है और न ही यहां पर उसका स्थायी पता है। उसकी खराब छवि को देखते हुए संभावना है कि वह राहत मिलने पर फिर से अपराध कर सकता है। बीती 28 अगस्त को पांडव रोड से जाते वक्त महिला से स्कूटी सवार दो युवकों ने सोने की चेन व लाकेट लूट लिया था। इस मामले में पीड़िता मंजू ने फर्श बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस वारदात को अंजाम देने वाले दोनों युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे।

## दिल्ली में डेंगू के एक सप्ताह में आए 531 केस, 6 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण से राहत है तो डेंगू ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में पिछले सप्ताह डेंगू के कुल 531 मामले सामने आए और 6 लोगों की मौत हो गई। यह कहना है दक्षिण दिल्ली नगर निगम का। गौरतलब है कि दिल्ली में मौसमी बुखार व डेंगू दोनों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। दोनों के लक्षण समान होने के कारण लोग अक्सर घरेलू हकीमगीरी में लग जाते हैं, जबकि यह जानलेवा साबित हो सकती है।

इसलिए बिना चिकित्सक की सलाह के दवा न लें। खासकर,एस्प्रिन और डिस्प्रिन की दवाओं को बिना चिकित्सीय सलाह के लेने पर जान जाने का खतरा भी है। इसलिए जैसे ही बुखार के साथ बदन दर्द और ठंड महसूस हो तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) से सेवानिवृत्त सीएमओ डाक्टर एके बंसल कहते हैं कि मौसमी बुखार और मच्छरजनित बीमारियों के लक्षण करीब-करीब एक जैसे होते हैं। ऐसे में कुछ लोग स्वयं ही इलाज शुरू कर देते हैं।

## गोयल हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेण्टर में हुआ दीपावली मंगल मिलन समारोह

ओपन सर्च



**नई दिल्ली।** गोयल हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी कृष्णा नगर में दीपावली मंगल मिलन समारोह मनाया गया। इसमें ईस्ट दिल्ली के सभी डॉक्टर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर गोयल हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेण्टर के निदेशक डॉ अनिल गोयल जी ने कहा हमारा उद्देश्य बहुत ही काम खर्चे में लोगो को बेहतर स्वास्थय सेवाएं उपलब्ध कराना है। सुपर स्पेशलिटी विंग में सभी तरह की नयी तकनीक से इलाज किया जायेगा इसमें यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, कैंसर थेरेपी (ऑन्कोलॉजी ), एडवांस ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी अथवा जॉइंट रिप्लेसमेंट, मिनिमली इनवेसिव एंड बेरिएट्रिक सेर्जेरी, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, ईएनटी एवं ऑडियोमेट्री, लाइफ स्टाइल डिजीज एवं प्रिवेंटिव हेल्थ यूनिट, न्यूरोलोजी व् बेहवीरिअल साइंस, पीडियाट्रिक एंड निओनेटोलोजी, नेफ्रोलॉजी एवं डायलिसिस , एडवांस महिला रोग ऑपरेशन व् चिकित्सा किया जायेगा । इस अवसर पर डॉ अनिल चतुर्वेदी जी, डॉ विपिन रस्तोगी जी, डॉ पियूष जैन, डॉ गोविन्द गोयल, डॉ सुभम गर्ग जी उपस्थित रहे।

## बाजार खरीदारों के स्वगत को तैयार, पुलिस भी सतर्क

**पश्चिमी दिल्ली (एजेंसी)** धनतेरस को लेकर बाजार पूरी तरह तैयार है। बाजार की सजावट के साथ ही दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों में सामानों का स्टाक कर लिया है। कोरोना संक्रमण की दर कम होने के चलते इस बार लोग भी खासे उत्साहित हैं और दुकानदारों को आशा है कि इस बार धनतेरस पर जमकर खरीदारी होगी। खासकर इलेक्ट्रानिक सामान, बर्तन व आभूषण की दुकानों पर खासी चहल-पहल देखी जा रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के आफर दिए जा रहे हैं। उधर, पुलिस भी सतर्क नजर आ रही है। बड़े बाजारों के मेन गेट पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इलाके के ये हैं मुख्य बाजार पश्चिमी दिल्ली में आधा दर्जन से ज्यादा बाजार ऐसे हैं जहां पर हजारों की संख्या में प्रतिदिन लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। ऐसे में धनतेरस पर यहां काफी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है।



इन बाजारों में तिलक नगर, द्वारका, राजौरी गार्डन, आर्य समाज रोड, नजफगढ़, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर, ज्वालाहेड़ी सहित अन्य बाजार शामिल हैं। इसके अलावा माल में भी काफी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। इन बाजारों की सजावट की गई है। रात के समय ये बाजार रोशनी से जगमग करते नजर आते हैं। सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम इलाके के मुख्य बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तिलक नगर में मचान पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही अर्धसैनिक बलों के जवान भी तैनात हैं। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर अनाउंसमेंट का सहारा लिया जा रहा है। लोगों से लावारिस वस्तुओं को हाथ न लगाने की अपील की जा रही है। साथ ही खरीदारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन की टीम भी जगह-जगह निरीक्षण कर रही है। इसके अलावा तिलक नगर, आर्य समाज रोड सहित अन्य बाजारों में मुख्य द्वार पर बेरिकेडिग की गई है, जिससे कि लोग वाहन लेकर बाजार में नहीं जाएं। साथ ही यहां पर पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। वाहन लेकर बाजार जाने से बचें धनतेरस पर ग्राहकों की संख्या ज्यादा होने की संभावना के कारण विभिन्न बाजारों में लोगों को अपने वाहन लेकर आने से मना किया जा रहा है।

सम्पादकीय
ओपन सर्च

## राष्ट्रद्रोहियों को सिखाना होगा कडा सबक

देश की धरती पर शत्रु का परचम फहराने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। भितरघात करने वाले अब खुलकर सामने आ रहे हैं। कश्मीर में पहुंचे पाकिस्तान के घुस पैठियों के अलावा अब अन्य प्रदेशों में भी जेहाद के नाम पर खुला विद्रोह करने वालों ने योजनाबध्द ढंग से काम करना शुरू कर दिया है। पहले केरल में आईएसआईएस के भर्ती कैम्प खोले गये फिर बंगाल में घुसपैठियों को नागरिक बना दिया गया और अब लव जेहाद के साथ-साथ उग्र जेहाद ने भी चीखना शुरू कर दिया है। वाराणसी में खुले आम पाकिस्तान का झंडा लगाकर नारे बुलंद करने वाले ने देश के संविधान को चुनौती दी और अपने मंसूब जाहिर कर दिये। राजा तालाब क्षेत्र में रहने वाले शेखू ने न केवल अपनी दर्जी की दुकान में पाकिस्तान का झंडा सिला बल्कि उसे काफी ऊंचाई पर फहरा कर दुश्मन के जिन्दाबादी नारे भी लगाये। क्षेत्र के लोगों ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस को सूचित किया। पुलिस आई।

शेखू को पूछतांछ के लिए सम्मानजनक ढंग से थाने ले गई। शेखू के पिता ने अपने पुत्र का बचाव करते हुए कहा कि उसका बेटा तो मासूम है और उसने विक्षिप्ति में ऐसा किया है। यह देश के अहिंसाविदयों की मानसिक गुलामी है जो एक अकेले शेखू के विरुध्द पूरे क्षेत्रवासियों को राष्ट्र के अपमान पर प्रदर्शन करके पुलिस को सूचित करना पडा। पुलिस भी उसे पूछतांछ के लिए सम्मानजनक ढंग से थाने ले गई। आश्चर्य होता है अपने देश, देश के संविधान और देश के नागरिकों की सहनशीलता पर, दरियादिली पर और बुजदिली पर भी। अभी किसी ने पाकिस्तान के झंडे को देश में जला दिया होता तो एक खास वर्ग टूट पडता। न प्रदर्शन, न शिकायत और न ही संविधान की चिन्ता।

आश्चर्य होता है अपने देश, देश के संविधान और देश के नागरिकों की सहनशीलता पर, दरियादिली पर और बुजदिली पर भी। अभी किसी ने पाकिस्तान के झंडे को देश में जला दिया होता तो एक खास वर्ग टूट पडता। न प्रदर्शन, न शिकायत और न ही संविधान की चिन्ता। खुद ही न्यायालय, खुद ही न्यायाधीश और खुद ही सजा देने वाले बन जाते है, जिस बाद में भीड का नान दे दिया जाता है। ऐसी अनेक घटनायें देश के विभिन्न भागों में होती रहतीं हैं। कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकतायें निभाकर समय के साथ सब कुछ शांत कर दिया जाता है।

खुद ही न्यायालय, खुद ही न्यायाधीश और खुद ही सजा देने वाले बन जाते है, जिस बाद में भीड का नान दे दिया जाता है। ऐसी अनेक घटनायें देश के विभिन्न भागों में होती रहतीं हैं। कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकतायें निभाकर समय के साथ सब कुछ शांत कर दिया जाता है। आज तक किसी देशद्रोही को चौराहे पर तो छोडिये जेल के अंदर भी फांसी नहीं दी गई। जबकि अनेक राष्ट्रभक्तों को मौत की नींद सुला दिया गया। इस तरह की दस्तकों के बाद भी जब आम आवाम की नींद नहीं टूटती तो फिर राष्ट्र का खाकर उसी पर गुर्राने वालों की संख्या तो बढेगी ही। जब मियां औबेसी के भाईजान देश से कुछ समय के लिए पुलिस हटाकर शक्ति परीक्षण की बात करके, गैर मुस्लिमों को काटकर फैंक देने की खुले आम धमकियां देकर भी खुले आम घूमते हैं तो फिर शेखू जैसे लोगों को तो शह मिलेगी ही। केरल जैसे जेहादी कैम्पों में भर्तियां होंगी ही।

कश्मीर में पाकिस्तान के घुसपैठियों की संख्या बढेगी ही। बंगाल में बंगलादेशियों की आबादी में इजाफा होगा ही। गांव की गलियों से लेकर शहरों के चौराहों तक आज फिर संविधान और संविधान की रक्षा करने वालों की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। राष्ट्र का अपमान करने वालों को हमारे देश के जयचन्दों ने कभी मानसिक विक्षिप्त जाम पहना कर बचा लिया तो कभी नाबालिग का तमगा देकर। संविधान की धाराओं को मनोरंजक खेल समझने वाले यह जयचन्द फांसी की सजा के अंतिम क्षणों तक रात में भी न्यायालय को खुलवाने की ताकत रखते हैं। आरोप सिध्द हो गया, फांसी की सजा हो गई, राष्ट्रपति से दया याचिका खारिज हो गई। फिर भी न्यायालय के ताले खोलने पडते हैं, न्यायाधीशों को बैठना पडता है। इसे हमारे संविधान की खूबसूरती बताने वालों की देश में कमी नहीं है। देश भले ही स्वतंत्र हो गया हो परन्तु वास्तविक स्वतंत्रता को मनमानी करने वालों को ही मिली है। अहिंसावादी लोगों में मानसिक गुलामी अभी भी कायम है, विद्रोह के स्वर उनके गले से निकल ही नहीं सकते, अन्याय के खिलाफ हथियार उठाना तो दूर हाथ तक खडा करने का साहस नहीं कर सकते। यदि यही स्थिति रहेगी तो वह दिन दूर नहीं जब हमें पुनः गुलामी के काल का वंदन करने के लिए खडा किया जायेगा।

कश्मीर में सैकडों बार पाकिस्तान का झंडा फहराया गया, जिन्दाबाद के नारे लगये गये, सैनिकों पर हाथ उठाये गये, पत्थर मारे गये। सब कुछ हम जागती आंखों से देखते रहे। लव जेहाद के नाम पर अपहरण की गई मासूमों की बुर्के के अंदर से उठती सिसकियां तेज होती चलीं गई। अरबी शेखों को केरल के रास्ते पहुंचाई जाने वाली देश की मासूम बच्चियों के गुनाहगार आज भी खुलकर ठहाके लगा रहे हैं।

# आत्मनिर्भरता की राह पर मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम

**दृशिवराज सिंह चौहान**

आप सभी को मध्यप्रदेश के 66वें स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सच में आज का दिन पूरे प्रदेशवासियों के लिए प्रसन्नता का दिन है, हर तरफउल्लास का माहौल है। आज से 65 वर्ष पहले देश के ह्दय स्थल कहे जाने वाले मध्यप्रदेश की स्थापना हुई थी। मध्यप्रदेश ने इतने वर्षों में कई पड़ाव देखे हैं। कभी बीमारू राज्य कहे जाने वाले इस प्रदेश ने पिछले 15 वर्षों में विकास की करवट ली है। तभी से हमने समृद्ध और स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। उन्हीं की संकल्पना के अनुरूप हमने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना की। हमारा लक्ष्य वर्ष 2023 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का है।

देखा जाए तो मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का बीज हमने आज से 15 वर्ष पहले ही रोपित कर दिया था। मैंने 15 वर्ष पूर्व जब पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, उस समय मध्यप्रदेश में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार इन सभी सुविधाओं की प्रदेश में कमी थी। मैंने अपने जीवन का हर पल प्रदेश के विकास और लोगों के उत्थान के लिए समर्पित किया है। मैंने हर समय यह कोशिश की है कि मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान पूरे देश में बने। पिछले डेढ़ दशक में प्रदेश में हुए सकारात्मक बदलाव व अधोसंरचना के निर्माण का हर नागरिक साक्षी है। आज मुझे इस बात का गर्व है कि आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से हम प्रदेश को बीमारू से विकासशील और विकासशील से आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर करने में सफल हुए हैं। सबसे पहले हमने सभी वर्गों से जुड़े लोगों की पंचायतें मुख्यमंत्री निवास पर बुलाई और उनकी समस्याओं को करीब से समझा। चर्चा कर हर समस्या के अनुरूप योजनाएं शुरू कीं। महिलाओं को आत्मसम्मान और गरिमा प्रदान की। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, मेधावी विद्यार्थी योजना, लाडली लक्ष्मी, कन्या विवाह, संबल जैसी योजनाएं लागू कीं। हमने प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिये योजनाएं बनाईं। बेटी के जन्म से लेकर संपूर्ण जीवन के साथ उनके सुखद जीवन की व्यवस्था की। महिलाओं के संपोषण और सुरक्षा पर काम किया। महिलाओं को स्व-सहायता समूह से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। आज मेरे प्रदेश में 3 लाख से अधिक महिला स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, इनमें 38 लाख




10 हजार महिलायें जुड़ी हुई हैं और आत्मनिर्भर हो रही हैं। हमने उनके द्वारा तैयार किए गये उत्पादों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की समुचित व्यवस्था की है। इनको इस वित्तीय वर्ष में 2550 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा, जिसमें 600 करोड़ रुपये का ऋण उन्हें प्रदान किया जा चुका है। अन्नदाता की खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये गये हैं। पहले उन्हें 18 प्रतिशत पर मिलने वाले ऋण को घटा कर 0 प्रतिशत पर उपलब्ध कराया। हमने कोरोना के संकटकालीन समय में भी एक लाख 49 हजार 670 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खातों में डाली। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों को पूरा सम्मान देते हुए किसानों के खाते में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि के देने प्रारंभ किये। इसमें हमने किसान कल्याण योजना के माध्यम से 4 हजार रुपये प्रतिवर्ष जोड़कर कुल 10 हजार रुपये प्रति वर्ष की राशि देना प्रारंभ की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 74 लाख 50 हजार किसानों को वर्ष 2020-2021 एवं 2021-2022 में मिलाकर लगभग 4500 करोड़ रुपये दिये हैं। हमनें प्रदेश में गरीबों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदेश के 6 लाख 20 हजार शहरी एवं ग्रामीण पथ व्यवसायियों को 10-10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उनकी आजीविका के लिये दिया है। इन पथ व्यवसायियों के खातों में कोरोना काल में भी एक-एक हजार की आर्थिक सहायता अलग से दी गई है। प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये हमने अनेक कार्य किये हैं। आज प्रदेश के हर जिले में प्राथमिक और शासकीय चिकित्सा केंद्रों का जाल बिछा हुआ है। जहां लोगों को समय पर उपचार मिल रहा है। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीबों को निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना में प्रदेश में 2 करोड़ 55 लाख से अधिक नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। यह कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। आज प्रदेश में 20 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। जननी एक्सप्रेस एवं निःशुल्क 108 सुविधा ने लाखों लोगों के प्राणों की रक्षा की है। कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जनभागीदारी मॉडल के माध्यम से प्रभावी नियंत्रण किया। इस मॉडल से मिले सुखद परिणामों का नतीजा है कि अन्य राज्यों ने भी जनभागीदारी मॉडल को अपनाया। प्रदेश में अब तक 7 करोड़ कोविड वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी हैं जिसके कारण संभावित तीसरी लहर के खतरे को कम करने में कामयाब हुए हैं। हमने जब प्रदेश का दायित्व संभाला तब कभी-कभी बिजली आती थी, अब प्रदेश के हर कोने में 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर बिजली मिल रही है। यही नहीं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने का काम किया। सड़कों की प्राथमिकता तय करने और तकनीकी आधारित स्थिति के आंकलन के लिए रोड ऐसेट मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना की। नागरिकों को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए देश में पहली बार मध्यप्रदेश ने लोक सेवा गारंटी योजना शुरू की। सुशासन लाने के लिए स्थापित मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी से मिले सुखद परिणामों के बाद अन्य राज्यों ने भी इस मॉडल को अपनाया। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के बेटा-बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए हमने मध्यप्रदेश में 9200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का निर्णय लिया। प्रदेश के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटों को बढ़ाए जाने का फैसला किया। प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने की दिशा में भी हमने अनेक कदम उठाये हैं। प्रदेश में उद्योगों में वर्ष 2019-20 की तुलना में वर्ष 2021 में 40 प्रतिशत अधिक रोजगार सृजित हुये हैं।

पिछले 17 महीने में 880 नई औद्योगिक इकाई प्रारंभ हुई हैं जिनमें 16 हजार 700 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हुआ है तथा 47 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार से प्रदेश में 1 हजार 893, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रारंभ हुए हैं, जिनमें 40 हजार लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश में 13 नये क्लस्टर प्रारंभ होंगे, जिनमें लगभग 25 हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। रोजगार सेतु पोर्टल के माध्यम से युवाओं एवं श्रमिकों के लिये रोजगार की समुचित व्यवस्था की गयी है। युवाओं के पास स्वयं का अपना रोजगार हो इसके लिए हम उनको मुख्यमंत्री स्व-रोजगार के माध्यम से स्व-रोजगार प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के माध्यम से युवा आज नौकरी देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। इन सभी प्रयासों से तथा जनभागीदारी से हमारा प्रयास है कि हम जल्द ही मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनायें। दीपावली का त्यौहार नजदीक है।

# इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति की बेटी के हिंदू धर्म अपनाने के मायने

**प्रमोद भार्गव**

इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो की छोटी पुत्री सुकमावती सुकर्णपुत्री ने आखिरकार हिंदू धर्म स्वीकार लिया। एक तरह से यह उनकी 70वें जन्मदिन पर समारोहपूर्वक सुखद घर वापसी हुई है। समूचे विश्व में हिंदू धर्म उदारता, नैतिकता, विविधता एवं जिज्ञासा का कारण बन रहा है। दुनिया में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म रहा है, जिसका विस्तार तलवार की धार और धन के प्रलोभन से नहीं हुआ।

इसके समाज के लिए जो अपेक्षित मानवीय मूल्य हैं, वे हर कालखंड में आकर्षण का केंद्र बिंदू रहे हैं। यही वजह रही कि जब सशक्त महिला सुकमावती के साथ धार्मिक भेदभाव प्रताड़ना की हद तक हुआ तो उन्होंने इस्लाम धर्म नकार दिया। यह घटना उस दक्षिण एशियाई देश में घटी, जहां मुस्लिमों की आबादी तो सर्वाधिक है, किंतु सांस्कृतिक रूप से प्रभुत्व हिंदुत्व और उसके राम व कृष्ण जैसे ईश्वरीय नायकों का है। 2018 की जनगणना के अनुसार यह विश्व का चौथा ऐसा देश है, जहां सर्वाधिक दो प्रतिशत हिंदू हैं। इंडोनेशिया की कुल आबादी लगभग 24 करोड़ है, जो विश्व की आबादी की करीब 12.7 प्रतिशत हैं। इंडोनेशिया संवैधानिक रूप से भारत की तरह धर्मनिरपेक्ष देश है। लेकिन यहां के सभी धर्मो के नागरिक ईश्वर में विश्वास करते हैं। रामायण और महाभारत के पात्रों व घटनाओं पर आधारित यहां के मंदिर इंडोनेशिया के पर्यटन व आजीविका के प्रमुख आधार हैं। विदेशी मुद्रा कमाने और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने में भी इन मंदिरों की अहम् भूमिका है। भारत की तरह यहां प्रतिवर्ष रामलीलाएं भी मंचित होती हैं। निःसंदेह सुकमावती का हिंदू धर्म अपनाना एक ऐसी घटना है, जो यह संदेश देती है कि हिंदू धर्म ही सकारात्मक व समन्वयवादी है। इस्लाम को जहां कट्टरता के रूप में हिंसा की इबारत लिखता आतंकवाद नुकसान पहुंचा रहा है, वहीं ईसाई धर्म ने भी विस्तार के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के बहाने कमजोर वर्ग के लोगों को सुनियोजित ढंग से लुभाकर धर्मांतरण कराया है।

दुनिया में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म रहा है, जिसका विस्तार तलवार की धार और धन के प्रलोभन से नहीं हुआ। इसके समाज के लिए जो अपेक्षित मानवीय मूल्य हैं, वे हर कालखंड में आकर्षण का केंद्र बिंदू रहे हैं। यही वजह रही कि जब सशक्त महिला सुकमावती के साथ धार्मिक भेदभाव प्रताड़ना की हद तक हुआ तो उन्होंने इस्लाम धर्म नकार दिया। यह घटना उस दक्षिण एशियाई देश में घटी, जहां मुस्लिमों की आबादी तो सर्वाधिक है, किंतु सांस्कृतिक रूप से प्रभुत्व हिंदुत्व और उसके राम व कृष्ण जैसे ईश्वरीय नायकों का है।

अलबत्ता हिंदू धर्म का आध्यात्मिक दर्शन आत्मिक संतोष और अलौकिक आनंद की अनुभूति देता है। व्यक्ति में सद्भाव और सौहार्द्र की यह ऐसी निर्मीति है, जो एक राष्ट्र प्रमुख की हर तरह से सक्षम व समर्थ बेटी को हिंदू धर्म की सनातन श्रृंखला से जोड़ने की पर्याय बनी। इस्लाम और ईसाईयत में जहां वैचारिक भिन्नता की अस्वीकार्यता है, वहीं हिंदू धर्म अपनी आलोचना को न केवल सहन करता है, बल्कि बदलाव का शालीन रुख भी अपनाता है। अतएव वहां न केवल ईश्वर के विभिन्न रूपों में दस से लेकर चौबीस अवतार हैं, बल्कि विभिन्न पंथों के अनुसार ऐसी अनेक पूजा पद्धतियां हैं, जो दर्शन में अत्यंत मनोहारी हैं। वाराणसी और हरिद्वार की गंगा आरतियां इसी श्रेणी में आती हैं। यही वजह है कि हिंदू धर्म में पाकिस्तान जैसे 'ईशनिंदा' कानून का कोई वजूद नहीं है। हिंदू व ईसाई अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करने के लिए 'ईशनिंदा कानून' क्रूर शासक जिया-उल-हक के शासनकाल में 'पाकिस्तान पेनल कोड' के अनुभाग 295-बी और 295-सी जोड़कर अस्तित्व में लाया गया था। दरअसल पाकिस्तान को यह कानून फिरंगी हुकूमत से विरासत में मिला है। 1860 में ब्रिटिश शासन ने धर्म संबंधी अपराधों के लिए एक कानून बनाया था, उसी का परिवर्तित रूप पाक का ईशनिंदा कानून है। इस कानून में हिंदू व ईसाई नाबालिग बच्चों को भी न केवल अपराधी बनाने का प्रावधान है, बल्कि अदालतों को मौत की सजा देने का भी अधिकार है। दुनिया के मानवाधिकार संगठन इस कानून को बदलवाने में नाकाम रहे हैं। सुकमावती भी इस्लाम धर्म की रुढ़िवादिता से प्रताड़ित हुई हैं। उदारमना सुकमावती ने 2018 में संपन्न हुए एक फैशन शो में स्वरचित कविता का वाचन किया। जिसमें सामाजिक व धार्मिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई गई थी।

दरअसल सुकमावती को मुस्लिम चरमपंथियों द्वारा महिलाओं पर लादी जाने वाली पाबंदियां पसंद नहीं हैं। इस कविता में उन्होंने मुसलमानों से प्रार्थना करने की अपील भी की थी। गोया, धर्म के छिद्रांवेशियों और संकीर्ण बौद्धिकों ने इस कविता को शरिया कानून और हिजाब की निंदा से जोड़ दिया। पुलिस को शिकायत दर्ज करा दी। इसी तरह 2019 में एक बार फिर उन पर अपने पिता सुकर्णो की तुलना पैगंबर मोहम्मद से करने का आरोप लगा। कट्टरपंथी ताकतों ने इतना बवाल मचाया कि वे इस्लाम से विमुख होने के रास्ते खोजने लगीं। अंततः इस प्रगतिशील हस्ती की यह तलाश हिंदू धर्म की उदार विशालता में पूरी हुई। गीता का दर्शन कहता है कि व्यक्ति का मूल उसके अवचेतन में जन्म-जन्मांतर तक विद्यमान रहता है और अनुकूल अवसर पाकर मूल चेतना में लौट भी आता है। संभव है, सुकमावती की यही नियति रही हो ? उनके अवचेतन में अंतर्निहित इस संस्कार की पुष्टि उनके पिता के नामाकरण से भी होती है। उनके पिता का नाम महाभारत के उपेक्षित किंतु दानवीर योद्धा कर्ण के नाम से अभिप्रेरित है। सुकमावती के दादा ने जब पिता का नाम कर्ण रखना चाहा तो उनके राजदरबार के विद्वानों ने सलाह दी कि चूंकि कर्ण अन्याय और अत्याचारियों के पक्ष में खड़े थे, इसलिए इस नाम का सकारात्मक पक्ष मजबूत करने की दृष्टि से नाम में 'सु' जोड़ दिया जाए।

'सुकर्णो' अर्थात सत्य के पक्ष में खड़ा कर्ण ! यह संभवतः हिंदू धर्म की वंशानुगत सनातन विरासत से मिला वही संस्कार है, जो मन की अवचेतन अवस्था में उद्वेलित होता रहता है। गोया, इस भाव के अभाव में सत्य की और पलायन संभव ही नहीं था। इंडोनेशिया नामाकरण दो युनानी शब्दों के योग से बना है। 'इंडो' अर्थात इंडिया या भारत और 'नेसॅस' अर्थात द्वीप, यानी द्वीपों का भारत ! इंडोनेशिया का आदर्श वाक्य 'भिन्नता में एकता', अर्थात भारतीय नारे 'विविधता में एकता' का ही पर्याय है। यह नारा इस देश की अखंडता व संप्रभुता के इसलिए अनुरूप है, क्योंकि यहां के छोटे-बड़े द्वीप इसी मंत्र वाक्य से परस्पर जुड़े रहकर गणतंत्र की स्थापना करते हैं। एक समय ये सभी द्वीप सनातन संस्कृति और हिंदू आध्यात्मिकता के केंद्र रहे हैं।

# जिन्ना के बहाने अखिलेश ने खेला है मुस्लिम कार्ड



**अजय कुमार**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ऐसे ही नहीं देश के टुकड़े करने वाले मोहम्मद अली जिन्ना की तारीफ में कसीदे नहीं पढ़े हैं। इससे होने वाले सियासी फायदे और नुकसान का उन्हें अच्छी तरह से अहसास सपा किस तरह की सियासत करती है,यह बात किसी से छिपी नहीं है।यह अखिलेश की मजबूरी भी है और सपा का चरित्र भी इसी तरह का है,जहां सपा(मुलायम) सरकार द्वारा 1990 में कारसेवकों पर गोली चलाये जाने की घटना का गुणगान किया जाता है। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगा कि सपा नेता हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं।इस बात के कई उदाहरद मिल जाएंगे। 2013 में अखिलेश सरकार मुजफ्फरनगर दंगों के कारण चौतरफा आलोचनाओं से घिर जाती है,लेकिन भुक्तभोगियों को इंसाफ दिलाने की बजाए वह गुनाहागारों के साथ खड़ी हो जाती है।सपा के सरकार आते ही जिस तरह से राज्य की कानून व्यवस्था बिगड जाती हैं,वह किसी से छिपा नहीं है। इस लिए सपा के शासनकाल पर सवाल उठना लाजमी है। राज्य में सपा की सरकार आने से औसतन हर महीने 2 से ज्यादा दंगे होते हैं,जिसके लिए पूरी तौर पर सपा सरकारों की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति जिम्मेदार होती है।

2012 में सत्ता ग्रहण करने के बार अखिलेश सरकार के कुछ फैसलों पर नजर दौड़ाई जाए तो पता चलता है कि जुलाई 2013 में सपा सरकार ने निर्देश दिया कि प्रत्येक थाने में कम से कम दो मुस्लिम सिपाही तैनात रहने चाहिए।सरकार की दलील थी कि ऐसा करने के पीछे उसकी मंशा है थानों पर अल्पसंख्यकों की पूरी सुनवाई हो सके। सपा के पास इस वक्त 40 मुस्लिम विधायक हैं, जबकि प्रदेश में मुस्लिम विधायकों की कुल संख्या 63 है। जून 2013 में सपा सरकार ने 2007 में लखनऊ, फैजाबाद और वाराणसी में हुए श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट में शामिल 16 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की घोषणा की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी की अखिलेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए प्रदेश में कई जगहों पर हुए बम विस्फोट में शामिल आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने के फैसले पर रोक लगा दी थी। मई 2013 में बरेली और मुरादाबाद जिलों में मुस्लिम वोट बैंक को प्रभावित करने के लिए अखिलेश सरकार ने एक प्रमुख धर्म गुरू को सलाहकार के रूप में न्यूक्त कर एक राज्यमंत्री के बराबर का दर्जा दिया। इसी महीने 2013 में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केन्द्र सरकार से मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संसद में संविधान संशोधन विधेयक लाने की मांग की। अखिलेश सरकार ने मार्च 2013 में दो गुटों की आपसी रंजिश में मारे गये मुस्लिम डीएसपी के परिवार जनों को दो नौकरी तथा 50 लाख दिए। वहीं दूसरी तरफ सीमा पर शत्रु से लड़ते अपना सिर गवाने वाले हिन्दू सिपाही के परिवार वालों को सिर्फ 20 लाख रुपये दिए।

मार्च 2013 में अखिलेश सरकार ने घोषणा की कि मुस्लिम लड़कियों को अनुदान दिया जाएगा,लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया था कि निर्धन मुस्लिम लड़कियों की तरह निर्धन हिंदू लड़कियों को अनुदान देने की उसकी कोई योजना नहीं है। अखिलेश सरकार ने सत्ता में रहते 'हमारी बेटी उसका कल' योजना के तहत मुस्लिम लड़कियों को तीस हजार रुपये का अनुदान उच्च शिक्षा के तहत दिया था। जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग में गरीब लड़कियों की शादी के लिए सिर्फ दस हजार रुपये दिये जाते थे। मार्च 2013 में अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं के लिए वर्ष 2012-13 के बजट में वित्तमंत्री/मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2,074इ11 करोड़ रूपए की व्यवस्था प्रस्तावित की है जो वर्ष 2011-12 की तुलना में 81 प्रतिशत अधिक थी। मार्च 2013 में समाजवादी सरकार द्वारा उर्दू जुबान और मदरसों की चिंता करती है तथा प्रदेश में सत्तारुढ़ सपा सरकार कब्रिस्तानों की सुरक्षा के लिए चारदीवारी बनाने, मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पढ़ाई और शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी उपाय किए गए। दिसंबर 2012 में समाजवादी पार्टी ने दावा किया कि अखिलेश यादव सरकार मुस्लिम हितों पर कोई आंच नहीं आने देगी।

सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सरकार का हवाला देकर कहा कि प्रदेश में गठित सभी सरकारी आयोगों, परिषदों और समितियों में अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिनिधित्व के लिए सदस्य नामित किए जाएंगे। दरअसल, समाजवादी पार्टी का पूरा सियासी तानाबाना ही मुस्लिमों के बीच सिमटा हुआ है। इन चुनावों में भी अखिलेश तुष्टिकरण की सियासत में रंग भरने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसकी बानगी गत दिवस हरदोई में तब देखने को मिली जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हरदोई की एक जनसभा में संबोधन के दौरान महात्मा गांधी, सरदार पटेल और जवाहरलाल नेहरू के साथ मोहम्मद अली जिन्ना का नाम भी जोड़ दिया, इससे उत्तर प्रदेश की सियासत में बहस शुरू हो गई है। अखिलेश ने जनसभा में मोहम्मद अली जिन्ना को आजादी का नायक बताया। कहा कि भारत की आजादी के लिए उन्होंने योगदान किया था। भारतीय जनता पार्टी ने उनके इस बयान की तीखी आलोचना की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आरोप लगाया कि जिन्ना का महिमामंडन कर सपा प्रमुख देश तोड़ने वाली मानसिकता को बढ़ावा दे रहे हैं।

अखिलेश यादव ने जिन्ना का नाम सरदार पटेल के साथ लेकर देश की एकता और अखंडता की सोच रखने वाले करोड़ों देशवासियों का अपमान किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जिन्ना और जवाहरलाल नेहरू की महत्वाकांक्षा के कारण ही देश का बंटवारा हुआ। सरदार पटेल के साथ जिन्ना का गुणगान करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश में सत्ता पाने की बेताबी में अखिलेश राष्ट्रीय हितों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर समाज को खंडित करने की कोशिश कर रहे हैं। स्वतंत्र देव ने कहा कि जनता सरदार पटेल को नीचा दिखाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। राष्ट्रवादियों का अपमान करने वालों को वर्ष 2022 में जनता बता दें कि रविवार को हरदोई में समाजवादी विजय रथ यात्रा लेकर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा था कि आज जो देश की बात कर रहे हैं वह जाति और धर्म में बांटने का काम कर रहे हैं। सरदार पटेल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना एक ही संस्था में पढ़कर बैरिस्टर बनकर आए थे। उन्होंने आजादी दिलाई। उन्हें किसी भी तरह का संघर्ष करना पड़ा पर वे पीछे नहीं हटे। वह बोले कि एक विचारधारा...जिस पर पाबंदी लगाई थी। उसे सरदार पटेल ने लगाया था।

लब्बोलुआब यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव जो मुस्लिम वोटरों को अपनी जागिर समझते हैं,वह इस बार के विधान सभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी की इंट्री से सहमे हुए हैं, अखिलेश को डरा सता रहा है कि कहीं कुछ फीसदी वोट ओवैसी के पाले में पड़ गया तो समाजवादी पार्टी का खेल बिगड़ सकता है। इसी लिए अभी तक मुस्लिमों को लेकर चुप्पी साधे अखिलेश ने जिन्ना के बहाने अपना मुस्लिम कार्ड चल दिया है। इसका सपा को कितना नुकसान या फायदा होगा,यह चुनाव बाद की पता चलेगा,लेकिन अखिलेश के जिन्ना वाले बयान पर ओवैसी का बयान आना बाकी है क्योंकि अखिलेश ने जिन्ना पर जो बयान दिया है उससे सबसे अधिक ओवैसी को ही चुनाव में नुकसान हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542 फोन :- 011-46696546 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com
सम्पादकीय कार्यालय :- 15&16 सिंधिया हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

# एक नज़र

## गैस सिलेंडर की कीमत में जबर्दस्त वृद्धि, कामर्शियल उपभोक्ताओं को दीवाली से पहला बड़ा झटका


पटना (एजेंसी) । सरकारी तेल एवं गैस कंपनियों ने कामर्शियल रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में भारी वृद्धि कर दी हैं। हालांकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें यथावत रखीं गई हैं। 10 किलो वाले कंपोजिट सिलेंडर की कीमत में मामूली 50 पैसे की वृद्धि हुई है। नई दरें एक नवंबर से लागू हो गई हैं। 14.2 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत



998..00 रुपये पर यथावत रखी गई है। पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमत भी बिना घटबढ़ 368 रुपये निर्धारित की गई है। 10 किलो वाले कंपोजिट सिलेंडर की कीमत 50 पैसे बढ़ा कर 703.00 रुपये कर दी गई है। हालांकि पांच किलो वाले कंपोजिट सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई गई है। यह 368.00 रुपये में ही मिलेगा। दीपावली को देखते हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत तो स्थिर रखी गई है लेकिन कामर्शियल सिलेंडर की कीमत में भारी वृद्धि कर दी गई है। 19 किलो वाले कामर्शियल सिलेंडर की कीमत 1942.50 रुपये से बढ़कर 2213.00 रुपये हो गई है। इसकी कीमत में कुल 270.50 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। बिहार एलपीजी वितरक संघ के महासचिव डाक्टर रामनरेश सिन्हा ने कहा कि इसके साथ ही 47.5 किलो वाले कामर्शियल सिलेंडर की कीमत भी 4850.00 रुपये से बढ़कर 5526.00 रुपये हो गई है। इसकी कीमत में 676.00 रुपये की वृद्धि हुई है। ऐसे सिलेंडर होटल, रेस्टोरेंट आदि में उपयोग में लाए जाते हैं। वितरकों का कहना है कि त्योहारों को देखते हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत फिलहाल भले न बढ़ाई गई हो लेकिन छठ महापर्व के बाद इसमें वृद्धि कर दी जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

## शिवहर में बालू कारोबारी पर अपराधियों ने की फायरिंग, पुलिस कर रही जांच

शिवहर (एजेंसी) । बेखौफ अपराधियों ने शहर से सटे नवाब हाईस्कूल के पास बालू कारोबारी शिवहर निवासी पप्पू पटेल पर फायरिंग की। हालांकि, इस दौरान बालू कारोबारी बाल-बाल बच गए। वारदात को बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने अंजाम दिया। फायरिंग के बाद अफरातफरी मच गई। लोग जबतक कुछ समझ पाते अपराधी भाग निकले। सूचना मिलते ही एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। बालू कारोबारी और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। बालू कारोबारी से पूछताछ के आधार पर पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है। तत्काल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा हैं कि बालू कारोबारी का किसी से पुराना विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में लंबित है। विरोधी पक्ष द्वारा लगातार मामले में सुलह का दबाव बनाया जा रहा है। सुलह नहीं करने पर धमकी भी दी गई थी। इसी क्रम में वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि कुछ लोग भूमि विवाद और रंगदारी का भी मामला बता रहे है। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बदमाशों को चिन्हित कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। शीघ्र ही तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताते चलें कि पप्पू पटेल इलाके के बड़े बालू कारोबारी है। सोमवार की सुबह वह नवाब हाईस्कूल के पास स्थित बालू मंडी में गए थे। मंडी से कुछ दूरी पर वह मछली खरीदने के लिए रूके थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे तीन बदमाशों में से एक ने फायरिंग कर दी। हालांकि, गोली उनके पास से गुजर गई और वह बाल-बाल बच गए। घटना तकरीबन साढ़े सात बजे की बताई गई है। वारदात के बाद अफरातफरी मच गई।



## मोहब्बत वाली शादी को मिला ये मुकाम, दिल्ली की नौकरी छोड़कर पटना आई लड़की ने उठाया खौफनाक कदम

पटना (एजेंसी) । बेगूसराय जिले की रहने वाली लड़की के प्रेम विवाह का अंजाम बेहद बुरा हुआ। यह लड़की दिल्ली में रहकर नौकरी करती थी। शादी के नौ महीने बाद ही 32 वर्षीय विवाहिता अमिता कुमारी ने फंदे से लटक जान दे दी। घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर नौ की है। अमिता का मायका बेगूसराय के बरौनी में है। मृतका की मां ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष एसके शाही ने बताया कि अमिता किराये के घर में रहती थी। दरवाजा खोला गया तो वह फंदे से लटक रही थी। विवाहिता की मां ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पति के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आवेदन मिलने के बाद मामले में केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस की जांच में पता चला कि अमिता वर्ष 2014 में दिल्ली में प्राइवेट जाब करती थी। उसके गांव से चार किलोमीटर दूर अभिनव कुमार का गांव है। दोनों ने इसी साल फरवरी में कोर्ट मैरेज की थी। जुलाई माह में दोनों इंद्रपुरी रोड नंबर नौ स्थित मकान के ग्राउंड फ्लोर पर किराये पर रहने लगे। अगस्त में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। इसके बाद पति घर छोड़कर चला गया। इस बीच अमिता तनाव में रहने लगी थी। रविवार की सुबह मां ने उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन रिसीव नहीं हुआ। रिसीव नहीं होने पर लगातार काल की। फिर राजाबाजार में अमिता के मौसेरे भाई को फोन किया। वह भागकर इंद्रपुरी पहुंचा। कई बार आवाज दिया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो देखा कि वह फंदे से लटकी हुई थी। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नवविवाहित जोड़े के संबंधों का यह अंजाम सुनकर लोग हैरान हैं।

## प्रेम प्रसंग में अपहरण कर युवक की हत्या, औरंगाबाद के नहर में फेंक दिया शव, चार दिनों से था गायब

औरंगाबाद (एजेंसी) । बारुण थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव से अपहृत युवक का शव बारुण पुलिस ने तेलडीहा नहर से बरामद किया है। पिछले दिनों युवक का अपहरण हुआ था। मृतक की पहचान सुरेंद्र ठाकुर के पुत्र पवन कुमार उर्फ छोटे के रूप में की गई है। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। स्वजनों के विलाप से वहां मौजूद हर एक की आंखें नम हो गईं। प्रेम प्रसंग में अपहरण का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में सुरेंद्र ठाकुर ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताया कि 29 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे उनके पुत्र पंकज के मोबाइल पर मनोज कुमार गुप्ता का कॉल आया था। उसने कहा कि अपने भाई पवन उर्फ छोटे को नीरज कुमार के दालान पर ताश लेकर भेज देना। यह सुनकर पवन ताश लेकर नीरज कुमार के दालान पर गया। दलान पर मौजूद गांव के ही राम लक्ष्मण पासवान एवं नागेंद्र कुमार को ताश देकर वहां से चला गया। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं लौटा। घर के लोगों को चिंता हुई तो हर जगह उसकी खोजबीन की। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका से परिवार के लोग परेशान थे। इस बीच पता चला कि गांव की ही एक लड़की से उनके बेटे का प्रेम प्रसंग चल रहा था। आशंका है कि उनलोगों ने ही उसका अपहरण किया है।

# स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चे खेल-खेल में करेंगे पढ़ाई, दीवार पर उकेरी जाएगी तस्वीर, भागलपुर में सौ केंद्रों का होगा निर्माण

भागलपुर (एजेंसी) । अब आंगनबाड़ी के बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। बच्चों के लिए दीवार पर ही ए फार एप्पल और क से कबूतर लिखा रहेगा। जिले के 238 पंचायतों में इस तरह का भवन तैयार होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। 26 जनवरी तक 100 आंगनबाड़ी केंद्र तैयार करने की योजना बनाई गई है। आंगनबाड़ी केंद्र महात्मा गांधी रोजगार योजना के तहत तैयार होगा। भवन तैयार कराने में आइसीडीएस की भी मदद मिलेगी। 20 के करीब आंगनबाड़ी केंद्र लगभग तैयार हो गया है। इसके हैंडओवर की तैयारी चल रही है।

सभी 238 पंचायतों में बाला (बिल्डिंग एज लर्निंग एड) माडल का आंगनबाड़ी केंद्र तैयार होगा। आंगनबाड़ी के दीवारों पर प्लास्टर करने के दौरान ए फार एप्पल से लेकर जेड फार जेब्रा उकेरा जाएगा। अ से अमरूद से लेकर ज्ञ ज्ञानी तक




रहेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय पशु, पक्षी, फल, खेल आदि के नाम रहेंगे। इसके माध्यम बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई कराई जाएगी। पढ़ाई के लिए छोटे-छोटेबच्चों को सेविका-सहायिका का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दीवार पर देखकर ही बच्चे पाठ याद कर लेंगे।

26 जनवरी 2022 तक जिले के 100 पंचायत में बाला माडल का आंगनबाड़ी तैयार हो जाएगा। जिले के 238 पंचायतों में आंगनबाड़ी का भवन बनेगा। इसमें सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। बच्चों की पढ़ाई के लिए एक बड़ा सा हाल होगा। एक कमरा स्वास्थ्य जांच के लिए होगा। किचन और बाथरूम रहेगा। पोषण वाटिका कम खेल का मैदान होगा। किचन में बच्चों के लिए पौस्टिक भोजन तैयार होगा। 37 आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण चल रहा है। इनमें से 20 आंगनबाड़ी केंद्र लगभग बनकर तैयार हो गया है।

इन्हें आइसीडीएस को हैंडओवर करने की तैयारी चल रही है। 57 आंगनबाड़ी केंद्र के लिए योजनाएं स्वीकृत है। 26 जनवरी तक 100 आंगनबाड़ी केंद्र तैयार करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए आइसीडीएस के सीडीपीओ को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। जमीन चिन्हित होने के बाद अंचलाधिकारी से एनओसी लिया जाएगा। अंचलाधिकारी के एनओसी के बाद भवन का निर्माण शुरू होगा। जमीन गांव के करीब शांत और साफ स्थानों पर चिन्हित करने के लिए कहा गया है, ताकि कोई बच्चा किसी भी प्रकार के दुर्घटना का शिकार नहीं हो।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्र के निकट के प्राइमरी स्कूलों को टैग किया जाएगा। ऐसा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए किया जा रहा है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने जिले के शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के नजदीक के सरकारी विद्यालयों के साथ जोड़ा जाए। वैसे सरकारी विद्यालय से आंगनबाड़ी केंद्र को जोड़ा जाए, जहां कक्षा एक की पढ़ाई होती है। बाला माडल का आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है। यह जिले के सभी 238 पंचायतों में बनेगा। 26 जनवरी तक 100 आंगनबाड़ी केंद्र तैयार करने की योजना है।

## बिहार में अगले दो से तीन दिन छाए रहेंगे बादल, दीपावली पर ऐसा रहेगा मौसम का मिजाज

पटना (एजेंसी) । बिहार में इन दिनों उत्तर-पश्चिमी हवा के निरंतर प्रवाह से दिन और रात के तापमान में बदलाव देखने को मिल रहा है। पछुआ हवा का प्रवाह होने से दिन में धूप के बावजूद हल्की ठंड लगने के साथ ही रात के पारे में गिरावट देखी जा रही है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम आमतौर पर सामान्य रहा। राज्य के कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहे। रविवार को राज्य में 8-10 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से पछुआ हवा का प्रवाह जारी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विवेक कुमार सिन्हा की मानें तो सोमवार से पटना का मौसम सामान्य रहने के साथ ही हवा की गति में कमी आएगी। पारे में भी कुछ खास परिवर्तन नहीं होगा। दीपावली पर पटना का मौसम सामान्य रहने के साथ तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो से तीन दिनों में कुछ जगहों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे व अधिकांश जगहों पर मौसम शुष्क रहेगा। पटना का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। मानसून की विदाई के



बावजूद स्थानीय कारणों से राज्य के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह में पूरे प्रदेश में 179.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह औसत बारिश से 208 फीसद अधिक है। वहीं बीते वर्ष अक्टूबर माह में प्रदेश में 29.1 मिमी बारिश दर्ज की गई थी जो औसत बारिश से 53 फीसद कम थी। प्रदेश में हुई कुल बारिश की बात करें तो पटना में अक्टूबर माह में 61.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। 19 अक्टूबर को पटना में सर्वाधिक बारिश 23.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं गया में अक्टूबर में 101.4 मिमी बारिश हुई। एक अक्टूबर को गया में सर्वाधिक बारिश 50 मिमी बारिश हुई थी। भागलपुर में 296.1 मिमी जबकि एक अक्टूबर को 88 मिमी बारिश हुई। पूर्णिया में 161.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि 19 अक्टूबर को 52.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। अक्टूबर माह में प्रदेश के तापमान की बात करें तो प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 10 अक्टूबर को खगडिया का सर्वाधिक तापमान 38.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं गया का न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री दर्ज किया गया।

## तेजस्वी का मुख्यमंत्री नीतीश पर हमला, बोले- अबतक 76 घोटाले कर चुकी है बिहार की सरकार

पटना (एजेंसी) बिहार में दो सीटों कुशेश्वरस्थान और तारापुर में उपचुनाव को लेकर जारी सियासी गहमा गहमी मतदान के साथ थोड़ी थम से गई है। दोनों सीटों पर अपनी जीत दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल समेत अन्य पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी अब मंगलवार को काऊंटिंग के बाद यह पता चलेगा कि आखिर जनता ने किस दल पर अपना भरोसा जताया है। लेकिन इन सब के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष ने बिहार सरकार पर आरोप लगाते हुए ट्विटर पर लिखा है कि, नीतीश सरकार में अबतक 76 घोटाले हो चुके हैं।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार सरकार पर लगातार हमलावर रहते हैं। सोमवार को उन्होंने नीतीश सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि, बिहार की सरकार ने SC/ST वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति का करोड़ों रुपया गायब कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने ट्वीट में सीएजी का हवाला देते हुए यह भी



लिखा है कि, अलग अलग विभागों में लगभग दो लाख करोड़ से अधिक की गड़बड़ी पायी गई है। तेजस्वी ने यह भी आरोप लगाया है कि बिहार की सरकार 76 घोटाले कर चुकी है। कुशेश्वरस्थान और तारापुर विधानसभा सीट पर वोटिंग होने के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने जीत का दावा किया है। पार्टी की तरफ से यह कहा जा रहा है कि जनता महंगाई की मार से परेशान है। इसलिए डबल इंजन की सरकार को हराने के लिए तैयार है। वहीं एनडीए ने दोनों सीट पर अपनी जीत का दावा किया है। मतगणना के बाद यह साफ हो पाएगा कि आखिर किसके दावे में कितना दम है।

## नवादा में शराब धंधेबाजों के खिलाफ चल रहा सघन अभियान, दो गिरफ्तार, कार व बाइक जब्त, कई भट्ठियां ध्वस्त

नवादा (एजेंसी)। उत्पाद विभाग की टीम ने नगर थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर सद्भावना चौक के समीप रेलवे पुल के पास शराब के साथ दो धंधेबाज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। शराब लाने में उपयोग किए जा रहे सेंट्रो कार को जब्त कर लिया गया। छापेमारी टीम का नेतृत्व कर रहे अवर निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सेंट्रो कार से धंधेबाज द्वारा अंग्रेजी शराब लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एनएच-31 पर सद्भावना चौक के समीप रेलवे पुल के पास वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी क्रम में सेंट्रो कार पर सवार होकर दो युवक आ रहे थे। कार को रोककर तलाशी ली गई तो ट्रिपल नाइन ब्रांड का 112 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इसके बाद कार पर सवार दोनों युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें झारखंड रांची के रोल गांव निवासी अश्विनी कुमार एवं दीपक सिंह शामिल हैं। उत्पाद अधिनियम के तहत दोनों युवक को जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में एसआइ गुड्डू कुमार समेत उत्पाद व सैप जवान शामिल थे। उत्पाद अवर निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र के सद्भावना चौक के पास वाहन तलाशी के दौरान शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। शराब लाने में उपयोग किए जा रहे होंडा साइन बाइक को जब्त कर लिया



गया। अवर निरीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी क्रम में बाइक पर सवार एक युवक को रोककर तलाशी ली गई तो बैग से इंमपेरियर ब्लू ब्रांड 750 एमएल का 36 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बाइक पर सवार रजौली बाजार निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। वारिसलीगंज में सातवें चरण में आगामी 15 नवंबर को होने वाला वारिसलीगंज प्रखंड का पंचायत चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी कर शराब कारोबारियो व नशेड़ियों पर नकेल कसने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैंगरी गांव में शनिवार की रात छापेमारी कर 55 लीटर देसी शराब जब्त कर थाना लाई। मौके पर शराब बनाने वाली भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि पैंगरी गांव स्थित एक घर में शराब बनाने की जानकारी मिलने की जानकारी के साथ पुलिस बल को लेकर अधिकारियों द्वारा तत्काल छापेमारी की गई। मौके पर 55 लीटर देसी शराब को बरामद किया गया जबकि हजारों रुपये मूल्य का अर्ध निर्मित शराब को नालियों में फेक दिया गया। इस दौरान शराब निर्माण कार्य को ले बनाई गई कई भट्ठियों को भी तहस नहस कर दिया गया। बताया गया इस कार्य में जुटे कारोबारियो की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रणवीर सिंह अभिनीत कॉइनस्विचकुबेर का नया विज्ञापन – सिर्फ 100 रुपये से करें क्रिप्टो ट्रेडिंग की शुरुआत''

ओपन सर्च



**नई दिल्ली।** कॉइनस्विच कुबेर, भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक मूल्यवान क्रिप्टो प्लेटफॉर्म, ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह अभिनीत एक नया विज्ञापन लॉन्च किया है। यह कदम वित्तीय समृद्धि लाने और भारतीयों के लिए आसानी से धन का समावेश करने के निरंतरप्रयास के तहत उठाया गया है। कॉइनस्विच कुबेरके चीफ बिजनेस ऑफिसर शरण नायर ने कहा,हम खरीदारी के चरण में उपभोगताओं को एक समझदारी से भरा निवेश निर्णयलेने में मदद करने के लिए गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

क्रिप्टोकरेंसीऔर मेकिंग इंडिया इन्वेस्ट के बारे में जागरूकता बढ़ाने के हमारे निरंतर प्रयास में, हम बॉलीवुड सुपरस्टार और बेहतरीन यूथ आइकन रणवीर सिंहके साथ साझेदारी करके खुश हैं। हमारे 60% से अधिक उपभोगता टियर2 - 3 शहरों से हैं और उनमें से आधे 28 वर्ष से कम उम्र के हैं। रणवीर की बेजोड़ ऊर्जा, जुनून और विश्वसनीयता हमें क्रिप्टो क्रांतिके बारे में अधिक भारतीयों को जोड़ने, शिक्षित करने और उत्साहितकरने में मदद करेगी। यह विज्ञापन कुछ तो बदलेगा कॉइनस्विच कुबेर के नवीनतम 360 डिग्री विज्ञापन अभियान का हिस्सा है, जो टेलीविजन,प्रिंट और ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज़्नी+ हॉटस्टार सहितविभिन्न ऑनलाइन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चल रहा है।

## बीच चौराहे पर पत्नी की इज्जत लूटने की धमकी देता है माफिया, जनता दरबार में युवक ने लगाई फरियाद

पटना (एजेंसी) । जनता दरबार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गृह, पुलिस, सामान्य प्रशासन और भूमि विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इस क्रम में कई ऐसी शिकायतें लेकर फरियादी पहुंच रहे हैं, जिन्हें सुनकर सीएम खुद चौंक जा रहे हैं। भूमि विवाद से जुड़े अधिकांश मामले रहे।

पुलिस की शिकायतें भी पहुंची। एक फरियादी ने कहा कि जमीन माफिया ने जीना मुश्किल कर दिया है। हमारी जमीन के लिए ही वह पैसे मांग रहा है। इसकी शिकायत पत्नी ने डीजाइजी से की तो उस दबंग ने धमकी दी कि चौराहे पर पत्नी की इज्जत लूट लेंगे। यह सुनकर सीएम भी चौंक गए। उन्होंने फरियादी युवक को डीजीपी के पास भेज दिया। जनता दरबार में पहुंचे एक युवक ने अपनी मां पर गंभीर आरोप लगा दिए। उसने बताया कि 2012 से पिता लापता हैं। जिसके साथ वे गए थे, उसके खिलाफ सनहा में शिकायत भी की गई थी। आशंका है कि मां ने उस शख्स के साथ मिलकर पिता की हत्या की है। सीएम ने उसे डीजीपी के पास भेज दिया। सीएम ने आश्वासन दिया कि इस मामले में जल्द कार्रवाई होगी। एक फरियादी जेपी सेनानी पेंशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे।

कहा कि 1974 में जेल गए थे। लेकिन पेंशन नहीं मिल रही। सीएम ने कहा कि अब तक कहां थे। फरियादी बेतिया जिले से आए थे। उन्हें संबंधित विभाग के अधिकारी के पास भेज दिया गया। एक बुजुर्ग आते ही रोने लगे।

## पटना के फतुहा में अलग-अलग हादसे में चार लोगों की मौत, एक के पास से मिला लोडेड देसी पिस्टल

पटना (एजेंसी )। पटना के फतुहा में एनएच 30 पर रविवार रात अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। एनएच पर ये हादसे धोवा पुल, वाटर पार्क एवं नारायणा मोड़ के पास हुए। इनमें से एक के पास से लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया है। फतुहा-दनियावां एनएच 30 पर धोवा पुल के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार तीन में दो गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरा वहां से भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर देख वहां से एंबुलेंस से एनएमसीएच भेज दिया गया। लेकिन रास्ते में एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दीदारगंज थाने के नत्थाचक निवासी रंजन कुमार के रूप में की गई। वहीं घायल की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी रॉकी के रूप में की गई है। रंजन कुमार के पास से




एक लोडेड देसी पिस्टल मिला है।

उधर एनएच पर वाटर पार्क के पास हाईवा ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार फतुहा नगर परिषद के वार्ड पार्षद के पति और उनका भतीजा जख्मी हो गया। दोनों को एनएच की एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहां पार्षद के पति की मौत हो गई। भतीजे का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि सुकुलपुर फोरलेन पर रविवार को सड़क हादसे में 5 नम्बर वार्ड की पार्षद रंभा देवी के पति गोविंदपुर निवासी 40 वर्षीय विनय भूषण उर्फ त्यागी बाबा की अपने 18 वर्षीय भतीजे ओम राज के साथ बाइक से पटना से लौट रहे थे।

तभी छपाक वाटरपार्क के समीप एक अज्ञात बड़े वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी जिससे विनय बुरी तरह घायल हो गए जबकि उनका भतीजा आंशिक रूप से जख्मी हो गया। एक अन्य घटना फोरलेन नारायणा मोड़ की है। वहां मारपीट के के दौरान पथराव के डर से सड़क पर भाग रही बुजुर्ग महिला को किसी गाड़ी ने कुचल दिया। जख्मी हालत में फतुहा के सीएचसी में महिला को लाया गया। वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## पुरुष विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे संजीत और निशांत

नई दिल्ली (एजेंसी)। एआईबीए पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2021 में भारत की जीत का सिलसिला जारी है। सर्बिया के बेलग्रेड में खेले गए मैचों में संजीत और निशांत देव ने वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। इसी के साथ दोनों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के सातवें दिन, जहां दुनियाभर के 100 से अधिक देशों के 650 टॉप मुक्केबाज भाग ले रहे थे। वहीं, आकाश कुमार (54 किग्रा) और नरेंद्र (92 प्लस) ने अंतिम आठ में अपनी जगह बनाई। वहीं, मौजूदा एशियाई चैंपियन संजीत और निशांत ने रविवार को खेले गए अपने मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सातवें स्थान पर देश के लिए शानदार रिकॉर्ड जीत हासिल की। शुरुआती दौर में हारने के बाद, रोहतक के मुक्केबाज संजीत ने अपने जॉर्जिया के विरोधी जियोर्गी त्चिग्लाद्जे के खिलाफसमय रहते न केवल अगले दौर में जीत हासिल की, बल्कि अंत में 92 किग्रा लास्ट-16 प्रतियोगिता में 4-1 से आसान जीत दर्ज की। दूसरी तरफ 71 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में खेलते हुए नवोदित निशांत को मैच के शुरुआती समय में संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, कर्नाटक के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ने मैच को पलटते हुए मैक्सिकन अल्वारेज वर्डे के खिलाफकुछ अच्छे तक नीक का इस्तेमाल किया। जिसके कारण उन्होंने मुकाबले को 3-2 से अपने नाम किया।

## इंग्लैंड टी20 मैचों की एक बेहतरीन टीमः ब्राइस मैकगेन

सिडनी (एजेंसी)। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में 30 अक्टूबर को हुए मैच में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हरा दिया था। इससे लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्राइस मैकगेन ने सोमवार को कहा है कि मैच में जोस बटलर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 32 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर एरोन फिंच की टीम के खिलाफ आसान जीत हासिल की। उन्होंने विरोधी गेंदबाजों की बुरी तरह पिटाई की। बटलर ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की पूरी तरह दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया, इस पारी में उन्होंने पांच छक्के और पांच चौके लगाए। उन्होंने 222 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। यह दर्शाता है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर अपना पूरा होमवर्क किया था, जिससे इंग्लैंड ने विरोधी टीम के खिलाफ 11.4 ओवर में ही आठ विकेट से मैच अपने नाम कर लिया था। मैकगेन ने सेन ब्रेकफास्ट पर कहा, इंग्लैंड एक अच्छी टी20 टीम है। उन्होंने हमें आसानी से हरा दिया। उन्होंने हर विभाग में अच्छा किया। उनकी गेंदबाजी हमसे ज्यादा अच्छी थी। क्योंकि इंग्लैंड के गेंदबाजों ने हमारे बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टीम के चयन में बदलाव करने की आवश्यकता है।

## हाइलो ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे श्रीकांत और लक्ष्य

सारब्रुकेन (जर्मनी) (एजेंसी)। चोटी के शटलर किदाम्बी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। छठी वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में जापान के दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोटा को कड़ी चुनौती देकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये थे। वह इस मैच में हार गये थे लेकिन अब वह उनके सकारात्मक पहलुओं के दम पर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला जापान के कोकी वातानबे से होगा। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने डेनमार्क ओपन और फ्रेंच ओपन में क्रमशः दूसरे दौर और क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी। वह पहले मैच में फ्रांस के थॉमस रौक्सेल के खिलाफ अपनी अच्छी लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। विश्व में 21वें नंबर के समीर वर्मा ने भी पिछले दो टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें पिछले टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। वह अपने पहले मैच में थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से भिड़ेंगे उनकी फिटनेस पर अब भी सवालिया निशान लगा हुआ है। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में पूर्व चैंपियन शुभंकर डे का सामना कोरिया के ली डोंग क्यून से, एचएस प्रणय का आयरलैंड के नाट गुयेन और सौरभ वर्मा का जर्मनी के मैक्स वीसकिर्चेन से होगा। बी सुमीत रेड्डी और मनु अत्री की पुरुष युगल जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी भी टूर्नामेंट में अपनी चुनौती पेश करेगी।

## शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से मिली जीतः विलियमसन

दुबई (एजेंसी)। टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हराने का श्रेय अपनी टीम के हरफनमौला प्रदर्शन को देते हुए, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि उन्होंने पूरे मैच में भारत को दबाव में बनाये रखा। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी। जवाब में न्यूजीलैंड ने दो विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। विलियमसन ने मैच के बाद कहा, ''हर मैच से पहले रणनीति बनाई जाती है। भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ हरफनमौला प्रदर्शन से यह जीत मिली। हमने पूरे मैच में उन्हें दबाव में रखा और हमारे सलामी बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने गेंदबाजी आक्रमण की तारीफकरते हुए कहा, ''हमारे पास दो अच्छे स्पिनर है और गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में प्रभावित किया। ईश सोढी सीमित ओवरों के क्रिकेट का शानदार गेंदबाज है और इन हालात में स्पिनर काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं।

## कपिल देव बोले- एक कप्तान को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए, जैसा विराट कोहली ने दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव को विराट कोहली के उस बयान ने चकित कर दिया है, जिसमें उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद कहा था कि टीम काफी बहादुर नहीं थी, जो कीवी टीम के खिलाफ आइसीसी टी 20 विश्व कप ग्रुप 2 के मैच में खेली और इसी वजह से भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। इस हार ने यह भी सुनिश्चित कर दिया है कि भारत का टी20 विश्व कप से सफर खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। एक हिंदी न्यूज चैनल पर बात करते हुए महान कप्तान कपिल ने कहा कि कोहली ने एक कमजोर बयान दिया, जिसके लिए वे जाने नहीं जाते हैं और न वे किसी भी तरह ऐसे हैं। उन्होंने कहां, वह एक फाइटर हैं। मुझे लगता है कि वह पल या कुछ और में खो गए होंगे। एक कप्तान को हम काफी बहादुर नहीं थे जैसे शब्द नहीं कहने चाहिए। आप अपने देश के लिए खेल रहे हैं और उनमें जुनून है, लेकिन जब आप इस तरह के शब्द कहेंगे तो उंगलियां जरूर उठेंगी। न्यूजीलैंड की टीम ने भारत को 8 विकेट से हरा दिया और 33 गेंद शेष रहते कीवी टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया था, जिससे भारत का नेट रन रेट भी खराब हो गया। कपिल ने कहा कि भारतीय टीम के इस घटिया प्रदर्शन के लिए कितनी भी आलोचना की जाए कम होगी। उन्होंने एबीपी न्यूज पर कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं। हम कितनी आलोचना भी कर सकते हैं एक टीम जो दावा करती है कि उसने आइपीएल खेला है और अभ्यास हासिल किया है, जब वह इस तरह खेलती है, तो आलोचना होगी। जब आप जीतते हैं तो जितनी तारीफ की जाए उतनी ही काफी नहीं होती, लेकिन अभी इतनी आलोचना भी काफी नहीं है, क्योंकि उन्होंने उस तरह की क्रिकेट नहीं खेली जिसकी उनसे उम्मीद की जाती थी। आप लड़ते हैं और हारते हैं, हम समझते हैं, लेकिन आज एक भी प्रदर्शन ऐसा नहीं था, जिससे हम खुश हो सकें। वहीं, कप्तान विराट कोहली ने मैच के बाद जो बयान दिया, वो काफी हैरान करने वाला था। इस बयान को लेकर कपिल देव ने कहा, काफी विचित्र बयान। विराट ने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि हम बल्ले या गेंद से काफी बहादुर थे। विराट के इस बयान से पूर्व कप्तान नाखुश हैं और उन्हों कहा है, उनके जैसे बड़े खिलाड़ी के लिए, यह एक बहुत ही कमजोर बयान है।

# टी20 विश्व कपः भारत की राह अब और भी लंबी और चुनौतीपूर्ण

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर 12 मैच में भारत की लगातार दूसरी हार ने न केवल विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम को झकझोर दिया, बल्कि अरबों प्रशंसकों को भी बड़ा झटका दिया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों द्वारा किए गए पूरी तरह से होमवर्क के बाद मेन इन ब्लू से उनके प्रशंसक बंपर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे। भारत के लिए, यह किसी बड़े अपमान से कम नहीं है कि दो हार, पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट और केन विलियमसन के नेतृत्व वाले न्यूजीलैंड से आठ विकेट की हार ने टीम इंडिया को ग्रुप 2 अंक तालिका में अफगानिस्तान और नामीबिया जैसे देशों से भी नीचे धकेल दिया है। पांचवें स्थान पर पहुंची टीम फिलहाल पाकिस्तान (तीन मैचों में 6 अंक), अफगानिस्तान (3 मैचों से 4 अंक), न्यूजीलैंड (2 मैचों से 2 अंक) और नामीबिया (2 मैचों से 2 अंक) से भी पीछे है। ये नतीजे साबित करते हैं कि विराट कोहली की नेतृत्व वाली टीम इंडिया आत्म-विनाश की राह और 2007 टी 20 विश्व की चौंपियन रही टीम अब ग्रेड सुधारने के लिए



दूसरी टीमों की स्थिति पर हैं। कोहली के नेतृत्व वाली टीम को अब, सबसे अधिक संभावना है, अपने तीन बचे हुए मुकाबलों से जो अफगानिस्तान, स्कॉटलैंड और नामीबिया से होने वाले हैं ष टीम इंडिया को इन सभी टीमों को हराने की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही यह भी उम्मीद है कि अन्य परिणाम और नेट रन रेट समीकरण उनके प्रदर्शन में और सुधार करेगा। कप्तान कोहली, जो विश्व कप के बाद भारत के टी 20 कप्तान का पद छोड़ देंगे, उन्होंने न्यूजीलैंड से मिली करारी हार के बाद मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी निराशा को बाहर निकालते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि हम गेंद या बल्ले से काफी मजबूत थे। कोहली ने कहा, हमारे पास बचाव के लिए ज्यादा कुछ नहीं था लेकिन जब हम मैदान पर उतरे तो हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए। कोहली ने कहा, जब आप भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं तो आपको बहुत सारी उम्मीदें होती हैं - न केवल प्रशंसकों से, बल्कि खिलाड़ियों से भी। इसलिए हमारे खेल पर हमेशा अधिक दबाव होता है और हमने इसे वर्षों से अपनाया है। हर कोई जो भारत के लिए खेलता है, उसको इसका सामना करना पड़ता है। जब आप एक टीम के रूप में एक साथ सामना करते हैं तो आप इससे उबर जाते हैं और हमने इसे इन दो मैचों में नहीं किया है। सिर्फइसलिए कि आप भारतीय टीम हैं और उम्मीदें हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप अलग तरह से खेलना शुरू कर सकते हैं। भारत की दयनीय रन रेट माइनस 1.609 के भारत के दयनीय नेट रन रेट (एनआरआर) का मतलब है कि उन्हें या तो क्वालीफिकेशन के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों से स्पष्ट अंक हासिल करने होंगे या टूर्नामेंट के बैक-एंड में जीत के बड़े अंतर की उम्मीद करनी होगी, ताकि उनका एनआरआर बढ़ सके। भारत के लिए कठिनाई यह है कि अफगानिस्तान, जिसके वर्तमान में चार अंक हैं, उसने स्कॉटलैंड को 130 रनों से हरा दिया, और यह कोहली के लड़कों को अपने प्लस 3.097 एनआरआर को मजबूत करने के लिए भारी मेहनत करनी होगी। वो वर्तमान में ग्रुप में इंग्लैंड के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम है। 3 नवंबर को अबू धाबी में स्पिन के दम पर फलने-फूलने वाले अफगानिस्तान से हार मिली तो भारत की अंतिम चार में जगह बनाने की संभावना भी खत्म हो जाएगी। रवि शास्त्री का दस्ता न केवल एक जीत को लक्षित करेगा, बल्कि समूह में कुछ एनआरआर संतुलन को सुधारने के लिए भी एक बड़ी जीत होगी। भारत शायद तब न्यूजीलैंड पर एक संकीर्ण अफगानिस्तान जीत की उम्मीद करेगा ताकि योग्यता को नेट रन रेट तक ले जाया जा सके। भारत के लिए ग्रुप से बाहर होने का सबसे अच्छा मौका ग्रुप 2 क्वालीफायर में से एक नामीबिया और स्कॉटलैंड के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ अपसेट करने का है। राउंड 1 में जगह बनाते हुए दोनों टीमों ने अपनी क्लास दिखाई, लेकिन सुपर 12 चरण के दौरान टेस्ट खेलने वाले देशों को अभी तक परेशान नहीं किया है।

## ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंटः हरिका ने पोगोनिना से ड्रॉ खेला, दिव्या देशमुख जीती

रीगा (लातविया) (एजेंसी)। भारत की स्टार खिलाड़ी डी हरिका ने यहां फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर के मुकाबले में नतालिजा पोगोनिना को ड्रॉ पर रोका। हरिका तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ 3.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रही है। भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ने दो जीत दर्ज की हैं जबकि तीन बाजी ड्रॉ रही। ओपन वर्ग में अनुभवी ग्रैंडमास्टर के शशिकिरण ने रूस के 10वें वरीय व्लादिमीर फेदोसीव को 53 चाल में हराया। शशिकिरण के भी 3.5 अंक हो गए हैं।



भारतीय महिला खिलाड़ियों में युवा दिव्या देशमुख जीत दर्ज करने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। दिव्या ने स्थानीय खिलाड़ी मदारा गोलस्ता को 49 चाल में हराया। दिव्या के दो अंक हो गए हैं। आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल ने क्रमशः जॉर्जिया की सेलोम मेलिया और कजाखस्तान की झानासाया अब्दुमलिक से ड्रॉ खेला। वैशाली के 2.5 जबकि वंतिका के तीन अंक हैं। पदमिनी राउत को मंगोलिया की बातखुयाग मुनगुनतूल के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। उनके दो अंक हैं। पांचवें दौर के बाद पांच खिलाड़ी चार अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। ओपन वर्ग में एलेक्सेई शिरोव, येवगेनी नाजिर, अलिरेजा फिरोजा, इवान सारिच और रॉबर्ट होवहानिस्यान चार अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों में के शशिकिरण, आर प्रग्नानंदा, रौनक साधवानी, अर्जुन एरिगेसी, सूर्यशेखर गांगुली और बी अधिबान ने जीत दर्ज की। निहाल सरीन ने आर्मेनिया के मैनुअल पेत्रोस्यान से ड्रॉ खेला। उनके 3.5 अंक हो गए हैं और वे सातवें स्थान पर चल रहे हैं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे शीर्ष रैंकिंग के भारतीय पी हरिकृष्णा को दारियूस स्विरकाज के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। उनके तीन अंक हो गए हैं। फेदोसीव के खिलाफ उलटफेर भरी जीत के बाद शशिकिरण 3.5 अंक के साथ 16वें स्थान पर चल रहे हैं। पहले चार दौर में जूझने वाले अधिबान ने राकोतोमाहारो फाइ एंटेनेना को हराकर पहली जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में भारत के 10 पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं।

## बर्थ-डे ब्वॉय सोढ़ी ने भारत को हराकर हासिल की उपलब्धि

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में रविवार को हुए करो या मरो के मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से जबरदस्त मात दी। इस मैच के हीरो रहे ईश सोढ़ी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विराट कोहली और रोहित शर्मा का विकेट अपने नाम किया। उनका यह प्रदर्शन आने वाले कई सालों तक याद किया जाएगा।

लेग स्पिनर सोढ़ी ने भारत के खिलाफ कड़ी गेंदबाजी करके न सिर्फ मैच को जीता, बल्कि उनको लगभग टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने अपने 4 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट झटके। सोढ़ी ने अपने जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की। भारत ने न्यूजीलैंड को 111 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे कीवि ने महज 14.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर पूरा कर लिया। लुधियाना में जन्मे स्पिनर सोढ़ी ने यूट्यूब पर शेन वार्न और अनिल कुंबले के वीडियो देखकर गेंदबाजी करना सीखा और अपनी प्रतिभा को निखारा।

## सितारों से सजे भारत पर हावी होने की पूरी तैयारी के साथ उतरा था न्यूजीलैंडः गैरी स्टीड

दुबई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम कई स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाकर हावी होने की पूरी तैयारियों के साथ उतरी थी। न्यूजीलैंड ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया तथा भारत को रविवार को यहां आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें मजबूत कर दी।



टॉस जीतने के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया और उन्हें सात विकेट पर 110 रन ही बनाने दिये। स्टीड इस विशेष प्रदर्शन से खुश हैं। स्टीड ने स्टफसीओ.एनजेड से कहा, ''मेरा मानना है कि गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैंने टी20 में किसी गेंदबाजी टीम के जितने प्रदर्शन देखे उनमें यह सर्वश्रेष्ठ था।'' उन्होंने कहा, ''स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम को 110 रन पर रोकना वास्तव में विशेष था और इसके बाद मुझे लगता है कि बल्लेबाजों ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभायी।'' स्टीड ने कहा कि उनकी रणनीति नियमित अंतराल में विकेट लेकर भारत के शीर्ष बल्लेबाजों को डेथ ओवरों से पहले आउट करना था। उन्होंने कहा, ''हमने जो रणनीति बनायी थी उस पर खिलाड़ियों ने अच्छी तरह से अमल किया। हमने आक्रामक रवैया अपनाया। हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम विकेट लेते रहे ताकि उनकी टीम अपने शीर्ष बल्लेबाजों के साथ डेथ ओवरों तक नहीं जा पाये।'' उन्होंने कहा, ''जब आप भारत जैसी स्टार खिलाड़ियों वाली टीम से खेलते हो तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप उन पर हावी होकर खेलो। अगर आप उन पर दबाव बना देते हो तो इससे आप मैच में हावी होकर खेल सकते हो। हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह शानदार थी।''

## मानसिक तौर पर कमजोर है भारतीय टीमः गंभीर

मुंबई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय टीम की हार के बाद पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने प्रतिक्रिया दी है। उनका मानना है कि भारतीय टीम के पास कौशल की कमी नहीं है, लेकिन टीम मानसिक पर कमजोर है। गौतम ने सोमवार को क्रिकइंफो के कार्यक्रम 'टाइम आउट' में कहा कि भारतीय टीम के खिलाड़ी मानसिक तौर पर मजबूत नहीं हैं।

उन्होंने कहा, सच कहूं तो मैं कभी भारतीय टीम के खेल और रणनीति को परखने को कभी नहीं समझ पाया। आपके पास प्रतिभा है, कौशल है। आप द्विपक्षीय सीरीज में बढ़िया खेलते हैं, लेकिन ऐसे बड़े टूर्नामेंट में आप को प्रदर्शन करना पड़ता है। यह मैच एक क्वार्टरफाइनल से कम नहीं था और हमने इस बारे में बात भी की है कि मुश्किल कहां है। मेरे हिसाब से शायद यह मनोबल की कमी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा, जब आपको अचानक करो या मरो की स्थिति में डाला जाता है तो आप कोई गलती नहीं कर सकते)। जब आप द्विपक्षीय सीरीज में खेलते हैं तो बात अलग होती है। आप एक मैच में चूक कर के भी वापसी कर सकते हैं, लेकिन ऐसे मैचों में मुझे नहीं लगता भारत मानसिक तौर पर मजबूत है।

उनके पास कौशल है और द्विपक्षीय सीरीज में यह टीम बहुत खतरनाक है। गौतम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बारे में कहा, यह सिर्फ निराशानजक हार नहीं थी, बल्कि एक बेहद खराब प्रदर्शन था और एक बार फिर भारतीय टीम को अपने बल्लेबाजों की वजह से हार मिली। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में मैं मान सकता हूं कि एक शानदार गेंदबाजी की वजह से भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में ऐसा लगा कि हमारे खिलाड़ी किसी दबाव में खेल रहे थे या फिर नर्वस थे। अचानक से बल्लेबाजी क्रम में परिवर्तन करना भी मेरे लिए हैरान करने वाला फैसला था।

## बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

अबुधाबी (एजेंसी)। पिछले दो मैचों में जीत से अपना अभियान पटरी पर लाने वाला दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप एक के मैच में मंगलवार को संघर्षरत बांग्लादेश के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल की उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगा। वेस्टइंडीज और श्रीलंका पर जीत से दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने का मजबूत दावेदार बन गया है। उसके तीन मैचों में चार अंक हैं और नेट रन रेट के आधार पर आस्ट्रेलिया से ऊपर दूसरे स्थान पर है। दूसरी तरफ बांग्लादेश सुपर 12 के अपने तीनों मैचों में से एक में भी जीत दर्ज नहीं कर पाया। पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज से तीन रन से पराजित होने के कारण उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गयी हैं। बांग्लादेश अब बाकी बचे दो मैचों में जीत दर्ज करके बाकी टीमों के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगा। दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट से जीत में सभी विभागों में सुधरा हुआ प्रदर्शन किया। उसके विश्वस्तरीय तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की और विरोधी टीम पर दबाव बनाया। टी20 में शीर्ष रैंकिंग के गेंदबाज तबरेज शम्सी ने दिखाया कि आखिर वह नंबर एक पर क्यों काबिज हैं जबकि एनरिच नोर्किया और ड्वेन प्रिटोरियस जैसे गेंदबाज भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिये यह अच्छी खबर है कि उसके कप्तान तेम्बा बावुमा फॉर्म में लौट आये हैं। उन्होंने पिछले मैच में



मुश्किल परिस्थितियों में एडेन मार्कराम के साथ मजबूत साझेदारी निभायी थी। यही नहीं 'बिग हिटर' डेविड मिलर ने भी अपने खोये तेवर हासिल कर लिये हैं। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने आखिरी ओवर में दो छक्के जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की थी। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी हालांकि बावुमा, क्विंटन डिकॉक, मार्कराम, रासी वान डर डुसेन और रीजा हेंड्रिक्स पर काफी निर्भर है। इनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है जो उसके लिये चिंता का विषय है। दूसरी तरफ बांग्लादेश को अगर स्वदेश लौटने से पहले कुछ सांत्वना भरी जीत हासिल करनी हैं तो उसे जल्द से जल्द अपने प्रदर्शन में एकजुटता दिखानी होगी। उसे टूर्नामेंट के बाकी मैच स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन के बिना खेलना पड़ेगा जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गये हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं जबकि गेंदबाजों में अनुशासन की कमी है। इसके अलावा उनका क्षेत्ररक्षण भी लचर रहा है। जीत के लिये बांग्लादेश को तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीमें इस प्रकार हैंः दक्षिण अफ्रीकाः तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, डब्ल्यू मुलडर, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डर डुसेन। बांग्लादेशः महमूदुल्लाह (कप्तान), लिटन दास, मोहम्मद नईम, महेदी हसन, शाकिब अल हसन, सौम्य सरकार, मुशफिकुर रहीम, नूरुल हसन, अफिफ हुसैन, नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, शमीम हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, मोहम्मद सैफुद्दीन और शोरफुल इस्लाम।

## टी20 वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी हार, न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से दी मात

दुबई (एजेंसी)। डेरिल मिशेल (49) की शानदार पारी के दम पर आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में यहां रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए अहम मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से मात दी। यह टूर्नामेंट में भारत की दूसरी लगातार हार है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 110 रन बनाए थे। वहीं, 111 रनों का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 14.3 ओवरों में ही लक्ष्य को पूरा कर लिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत को छठी बार हराया है। अब भारत का सेमीफाइनल में जाने की संभावना न के बराबर हो गई। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मिशेल और केन विलियमसन के बीच 54 गेंदों में 72 रनों की साझेदारी ने टीम को एकतरफा जीत दिलाई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए पावर प्ले में एक विकेट खोकर 44 रन बनाए। इस दौरान, मार्टिन गुप्टिल तीन चौके की मदद से 17 गेंदों पर 20 रन बनाकर बुमराह की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद, मिशेल और कप्तान केन विलियम्सन ने मिलकर टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया, जिसके बाद टीम का स्कोर 7 ओवरों में 55 रन पर पहुंचा। मिशेल और विलियम्सन ने मिलकर 54 गेंदों में 72 रनों की शानदार साझेदारी की और मिशेल आउट होने तक टीम को जीत के नजदीक पहुंचा चुके थे। मिशेल ने अपनी पारी में चार चौके और तीन



छक्कों की मदद से 35 गेंदों पर 49 रन बनाए। इसके बाद, विलियम्सन ने तीन चौके की मदद से 31 गेंदों पर 32 नाबाद रन बनाए और डेवोन कॉनवे 4 गेंदों में 2 रन बनाकर नाबाद रहे। इसी के साथ न्यूजीलैंड टीम की टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज हुई। इससे पहले, करो या मरो के मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पावर प्ले में दो विकेट के नुकसान पर महज 35 रन बनाए। इस दौरान, टीम के बड़े खिलाड़ी जैसे ईशान किशन (4) और केएल राहुल (18) रन बनाकर आउट हो गए। फिर तीसरे नंबर पर आए रोहित शर्मा और कप्तान विराट कोहली ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन जल्द ही दोनों पहले विकेट खो दिए। शर्मा ने एक चौके और एक छक्के की मदद से 14 गेंदों पर 14 रन बनाए। वहीं, कोहली ने बिना कोई बाउंड्री मारे 17 गेंदों में 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। भारत का स्कोर 14 ओवर में 70 रन था। वहीं, 15वें ओवर में भारत को ऋषभ पंत के रूप में झटका लगा और पंत 12 रन बनाकर आउट हो गए। इस दौरान, भारतीय टीम की कोई बड़ी साझेदारी न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने पनपने नहीं दी। हालांकि हार्दिक पांड्या और जडेजा ने मिलकर कुछ रन जरूर जोड़े जिसे टीम का स्कोर 17 ओवर में 5 विकेट पर 86 रन पहुंच सका। इसके बाद पांड्या भी एक चौके की मदद से 24 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हो गए। शार्दुल ठाकुर (0) और जडेजा (26) के नाबाद रनों के बदौलत भारत का स्कोर 110 रनों तक ही पहुंच सका। वहीं, न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए। वहीं, ईश सोढ़ी ने दो विकेट अपने नाम किए, जबकि एडम मिल्ने और टिम साउथी को एक-एक विकेट मिला।

## सिद्धांत, शरवरी ने लव जू गाने के लिए सीखा सालसा

अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और नवोदित शरवरी ने आगामी फिल्म बंटी और बबली 2 के ट्रैक लव जू के लिए सालसा डांस सीखा है। फिल्म में सैफअली खान और रानी मुखर्जी भी हैं। गीत के बारे में बात करते हुए, सिद्धांत ने कहा कि पंजाबी में, अक्सर लव यू के बजाय लव जू कहते हैं। युवाओं के कहने के तरीके में एक जीवंतता और शैली है। लव जू गाना इसे खूबसूरती से कैद करता है। गाने के लिए कोरियोग्राफर वैभवी मर्चेंट द्वारा कलाकारों का मार्गदर्शन किया गया है। सिद्धांत ने कहा कि यह



मेरा पहला रोमांटिक गीत है! इसलिए, मुझे याद है कि मैं वैभवी मर्चेंट से सालसा सीखने के लिए वास्तव में उत्साहित था। मुझे अब लव जू सुनने की लत लग गई है और मुझे उम्मीद है कि देश के युवा एक बार इस गाने के साथ एक-दूसरे को लव जू जरूर कहेंगे शरवरी ने साझा किया कि लव जू सिड और मेरे करियर दोनों का पहला रोमांटिक गाना है, इसलिए हम स्वाभाविक रूप से इस प्यारे गाने को फिल्माने की प्रक्रिया के बारे में बहुत उत्साहित थे। इस गाने की सबसे खास बात यह है कि यह एक रोमांटिक गाना है। अभिनेत्री को विश्वास है कि यह गीत पॉप संस्कृति में एक ट्रेंडसेटर के रूप में उभरेगा। यह एक अद्भुत खिंचाव है और मुझे याद है कि हर दिन शूटिंग खत्म होने के बाद पूरा दल अलविदा कहने के बजाय लव जू कहता था। वरुण वी शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित, बंटी और बबली 2 में सैफअली खान और रानी मुखर्जी भी मूल बंटी और बबली के रूप में हैं। फिल्म 19 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। **(एजेंसी)**

## बॉलीवुड फिल्म में नजर आ सकती है समांथा

सामंथा रूथ प्रभु के पास इस समय कुछ बेहद दिलचस्प ऑफर हैं। अभिनेत्री की फिल्म शाकुंथलम पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। वहीं सामंथा की दो द्विभाषी फिल्में पाइपलाइन में हैं। इंडस्ट्री



से ताजा रिपोर्ट्स बताती हैं कि सामंथा बॉलीवुड में भी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सूत्रों ने बताया कि अभिनेत्री तापसी पन्नू के प्रोडक्शन में बनने वाली एक फिल्म के लिए सामंथा को संपर्क किया जा रहा है। तापसी पन्नू की आउटसाइडर्स फिल्म्स एक महिला-केंद्रित थ्रिलर का निर्माण करने वाली है, जिसके लिए कास्टिंग टीम ने सामंथा रूथ प्रभु को मुख्य भूमिका के लिए सुझाव दिया है। हालांकि, इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि सामंथा नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार नजर आ रही है। सामंथा ने प्राइम वीडियो की वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 के साथ अखिल भारतीय दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ी है। इसके अलावा सामंथा के मुंबई जाने की अफवाहें थीं, जिसे उन्होंने बाद में नकार दिया था। वहीं अभिनेत्री सामंथा अज कल छुट्टी पर हैं, यात्राएं कर रही हैं और दोस्तों के साथ अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। उनकी फिल्में शाकुंथलम और विग्नेश शिवन की काथुवाकुला रेंदु काधल रिलीज के लिए तैयार हैं। **(एजेंसी)**

## जोनस ब्रदर्स फैमिली रोस्ट में साथ आए प्रियंका, सोफी टर्नर



भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपनी भाभी डेनिएल जोनास और सोफी टर्नर के साथ एक तस्वीर साझा की। जोनास ब्रदर्स फैमिली रोस्ट में भाग लेने के दौरान उनका यह रियूनियन था, जो जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर शो से एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपनी भाभी डेनियल और सोफी, और ससुर पॉल केविन जोनास, सीनियर के साथ दर्शकों के बीच है। भारतीय अभिनेत्री डेनिएल और सोफी के साथ एक सेल्फी लेते हुए भी दिखाई दी हैं। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, बीती रात के बारे में, मैं इन सुंदर लेडीज के साथ थी। कोने में बैठे सीनियर को भी मिस न करें, जोनस ब्र्दस फैमिली रोस्ट 23 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर आ रहा है। **(एजेंसी)**

## क्रॉप टॉप और हॉट पैंट पहन निया शर्मा ने दिया सिजलिंग पोज


निया शर्मा टीवी की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने शोज के अलावा बोल्ड बयानों, तस्वीरों और वीडियो की वजह से भी अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर निया शर्मा के लाखों फैंस हैं जो उनकी पोस्ट को खूब पसंद करते हैं। खुद अभिनेत्री भी अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए अपनी खास तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब एक बार फिर से निया शर्मा ने अपने एक वीडियो से सोशल मीडिया तहलका मचा दिया है। इस वीडियो में उनका काफी बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। इस बोल्ड वीडियो को निया शर्मा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में उन्होंने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप और ब्लू कलर की हॉट पैंट पहनी हुई है। वीडियो में निया शर्मा पोज देती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में उनका बोल्ड अंदाज देखते ही बन रहा है। कई सोशल मीडिया यूजर्स और निया शर्मा के फैंस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। आपको बता दें कि निया शर्मा अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री के फैंस भी उनके बोल्ड अंदाज को काफी पसंद करते हैं। नागिन फेम निया शर्मा टीवी की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं। **(एजेंसी)**



# मानुषी छिल्लर

## यूनिसेफ के राष्ट्रव्यापी युवा अभियान में हुई शामिल

पूर्व मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर को यूनिसेफने यूथ कैंपेन के लिए चुना गया है। वह कहती हैं कि युवा लोगों को 21वीं सदी के कौशल और आजीविका के अवसरों से जोड़ने की तत्काल आवश्यकता है, जबकि उन्हें प्रभावी रूप से परिवर्तन-निमार्ता के रूप में शामिल किया गया है। इस पहल के बारे में, मानुषी



ने कहा कि युवा एक चिंगारी की तरह है, जो दीया जला सकता है। हम भविष्य हैं, और आज हम जो कुछ भी बोएंगे, हम भविष्य में उससे काटेंगे। भारत में 300 मिलियन से अधिक युवा हैं। लोगों को, और उन्हें काम पर जाने और नागरिकता देने के लिए तैयार करने से, भारत की प्रगति की संभावना असीमित होगी। मानुषी पीरियड ड्रामा पृथ्वीराज में अक्षय कुमार के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सक्रिय रूप से जोड़कर भारत के परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। मानुषी ने कहा कि युवाओं को 21वीं सदी के कौशल और आजीविका के अवसरों से जोड़ने की तत्काल आवश्यकता है, जबकि उन्हें प्रभावी रूप से परिवर्तन-निमार्ता के रूप में शामिल किया गया है। युवा सबसे अधिक दबाव वाली समस्याओं के लिए नए विचार और एक नया दृष्टिकोण लाते हैं। **(एजेंसी)**

## अभिषेक बनर्जी: अभिनेता विजुअल मीडियम में एक प्रॉप के समान होता है

अभिषेक बनर्जी अपनी हालिया रिलीज रश्मि रॉकेट की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। यह फिल्म खेलों में लिंग परीक्षण के भेदभाव को उजागर करती है जिसने कई एथलीटों के जीवन को बर्बाद कर दिया है। अभिषेक ने फिल्म में ईशित नाम के एक वकील की भूमिका निभाई है, जो एथलीट रश्मी को उसके संघर्ष और न्याय की लड़ाई में मदद करता है। फिल्म ने एक बहस की शुरूआत की है, वहीं इसने लोगों को




एक अच्छी स्क्रिप्ट के महत्व का एहसास भी कराया है। यह इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक अच्छी फिल्म बनती है जब अच्छे अभिनेता और अच्छा लेखन एक साथ आते हैं। अभिषेक, जो भारत के सबसे बड़े कास्टिंग निर्देशकों में से एक हैं, उनका मानना है कि अकेले अभिनेता चमत्कार नहीं कर सकते, उन्हें एक ठोस स्क्रिप्ट की आवश्यकता होती है। अभिषेक ने बात करते हुए कहा कि ये बहुत बड़ी गलतफहमी है कि अच्छा अभिनेता कास्ट कर लो, वो कुछ कर देगा, फिल्म हिट हो जाएगी। हमें एक अच्छी पटकथा की जरूरत है, हमें अच्छे संवादों की जरूरत है, हमें एक निर्देशक की जरूरत है जो हमें बताए कि कहां जाना है। हमें यह बताने के लिए एक डीओपी की जरूरत है कि हम एक निश्चित दिशा में देखना चाहते हैं, ताकि दर्शक हमें सीन में ज्यादा देख सकें। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अच्छे संवाद और अच्छी पटकथाएं लिखी जाएं। अभिनेता केवल दृश्य माध्यम में एक सहारा हैं, यह एक निर्देशक का माध्यम है। बेशक, मैं अपना होमवर्क करता हूं। मैं अपने चरित्र और हर चीज पर काम करता हूं, लेकिन आखिरकार इसमें क्या होता है दृश्य इस बात पर निर्भर करता है कि कोई कैसे निर्देशन कर रहा है। यह एक मिथक है कि अच्छे अभिनेता एक खराब स्क्रिप्ट के साथ भी जो चाहें कर सकते हैं। **(एजेंसी)**

## सनी लियोनी ने घर पर रखी शानदार हैलोवीन पार्टी, जोकर के लुक में नजर आए डैनियल

बॉलिवुड पर इस समय हैलोवीन का बुखार चढ़ा हुआ है। ज्यादातर ऐक्टर्स अपने हैलोवीन लुक्स सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। इस बीच सनी लियोनी ने भी रविवार के दिन अपने घर पर शानदार हैलोवीन पार्टी रखी। इस दौरान सनी लियोनी पूरे परिवार और दोस्तों के साथ गजब के हैलोवीन लुक्स में नजर आई हैं। सनी ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। सनी लियोनी इंस्टाग्राम पर काफी सारी तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें उन्होंने बताया है कि उनके परिवार के सदस्य किस-किस कैरेक्टर में हैलोवीन लुक्स लिए हुए हैं। सनी ने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'हम वीबर्स और फ्रेंड्स हैं। हैपी हैलोवीन। डैनियल-जोकर, निशा- राया, अशर- ब्लिपी, नोआ- स्केलेटन और मैं मैड हैटर। परिवार के अलावा सनी ने अपनी कुछ और तस्वीरें दोस्तों के साथ भी शेयर की हैं। इनमें सनी ब्लैक ऐंड वाइट कॉस्ट्यूम में एलिस इन वंडरलैंड की कैरेक्टर मैड हैटर के लुक में नजर आ रही है। बता दें कि इससे पहले सनी लियोनी ने अपने नए घर की कई सारी झलक सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। सनी लियोनी ने जुलाई में मुंबई में नया घर लिया है। इसके बाद पूरी फैमिली इसमें शिफ्ट हो गई है। सनी लियोनी ने साल 2012 में फिल्म 'जिस्म 2' से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। पिछली बार सनी लियोनी वेब सीरीज 'बुलेट्स' में नजर आई थीं। अब जल्द ही वह तमिल फिल्म 'वीरमादेवी' में नजर आने वाली हैं। **(एजेंसी)**

## रजनीकांत को कैरोटिड सर्जरी के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी, पोस्ट शेयर कर बोले- घर लौट आया

सुपरस्टार रजनीकांत पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती हुए थे। रजनीकांत के स्वास्थ्य को लेकर उनके फैन्स काफी परेशान नजर आ रहे थे। अब फाइनली रविवार को रजनीकांत अपने घर लौट आए हैं। उनकी चेन्नई के एक हॉस्पिटल में कैरोटिड आर्टरी की सर्जरी हुई है। कैरोटिड आर्टरी के जरिए दिमाग में खून और ऑक्सीजन की सप्लाई होती है। इसके सिकुड़ जाने पर ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। रजनीकांत को गुरुवार के दिन चेन्नई के कावेरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। रजनीकांत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इसकी जानकारी फैन्स के साथ साझा की थी। घर लौटने के बाद रजनीकांत ने अपनी घर वापसी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, 'घर लौट आया'। बता दें कि इससे पहले दिसंबर 2020 में



रजनीकांत को हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। तब उन्हें सांस लेने में परेशानी और ब्लड प्रेशर की समस्या थी। कुछ दिनों पहले ही रजनीकांत प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार लेने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। 70 साल के सुपरस्टार रजनीकांत पिछली बार तमिल फिल्म 'दरबार' में नजर आए थे। अब रजनीकांत की अगली फिल्म 'अन्नाथे' रिलीज होने वाली है। यह तमिल फिल्म 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। **(एजेंसी)**

## प्लानेट मराठी के रावसाहेब का एनएफडीसी के वैश्विक फिल्म मार्केट में चयन

प्लानेट मराठी के अक्षय बर्दापुरकर की आगामी फिल्म रावसाहेब 2021 में एनएफडीसी फिल्म बाजार के अंतर्राष्ट्रीय को-प्रोडक्शन मार्केट के लिए चुनी गई 20 परियोजनाओं में से एक है। भारत के राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) द्वारा होस्ट किए गए फिल्म बाजार ऑनलाइन ने इस वर्ष 20 से अधिक परियोजनाओं का चयन किया है, जिन्हें ओपन पिच ऑनलाइन में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय निर्माताओं, निर्देशकों, प्रोग्रामर, फाइनेंसरों और बिक्री एजेंटों से समर्थन प्राप्त करने का मौका मिलेगा। परियोजनाएं 11 देशों से शुरू होती हैं और असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, जर्मन, हिंदी, कन्नड़, कोंकणी और मलयालम सहित भारतीय और यूरोपीय भाषाओं की एक विविध श्रेणी पेश करती हैं। बर्दापुरकर की रावसाहेब इन प्रतिष्ठित परियोजनाओं में से एक है। रावसाहेब का निर्देशन निखिल महाजन ने किया है, जिन्होंने मराठी भाषा की जून, पुणे 52, बाजी और गोदावरी जैसी फिल्मों के लिए प्रशंसा हासिल की है। फिल्म की पटकथा खुद महाजन ने प्राजकत देशमुख और श्रीपाद देशपांडे के साथ लिखी है। बर्दापुरकर कहते हैं, मैंने अतीत में निखिल के साथ काम किया है और मैं निर्देशक के रूप में उनके द्वारा प्रदर्शित प्रतिभा की पुष्टि कर सकता हूं। प्लानेट मराठी अच्छे कंटेंट की बाधाओं को दूर करने और अच्छे मनोरंजन को सुर्खियों में लाने में विश्वास




करता है। हम हमारे वैश्विक प्रतिनिधियों के लिए इस अद्भुत फिल्म को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं। मराठी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का यह एक शानदार अवसर है। रावसाहेब जितेंद्र जोशी और नेहा पेंडसे ब्यास द्वारा बर्दापुरकर के प्लानेट मराठी के साथ निर्मित एक पर्यावरण थ्रिलर है। यह फिल्म एक बेहतरीन थ्रिलर के रूप में जानी जाती है, जिसमें टॉप-ऑफ-द-लाइन प्रोस्थेटिक और वीएफएक्स का काम है। इसे महाराष्ट्र के चंद्रपुर में तडोबा टाइगर रिजर्व में लोकेशन पर शूट किया जाना है। इसमें मराठी फिल्म उद्योग के कई और प्रमुख चेहरे शामिल होंगे। बर्दापुरकर और महाजन प्लेनेट मराठी ओटीटी पर जून की पहली टीवीओडी रिलीज के बाद फिर से इसे लेकर आगे बढ़ेंगे। महाजन ने कहा, रावसाहेब की पटकथा हमारे दिल के करीब है। हम जानते हैं कि प्लानेट मराठी और मेरे प्रिय मित्र अक्षय के समर्थन से, एक टीम के रूप में नेहा, जितेंद्र और मैं उनके साथ फिर से सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं, जिसके माध्यम से हम वैश्विक मंच पर मराठी प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होंगे। इससे कई मराठी परियोजनाओं के लिए भी दरवाजे खुलते हैं जो अपनी रचनात्मक परियोजनाओं के लिए बेहतर पैमाने की तलाश करते हैं। मेकर्स एक फेस्टिवल रोलआउट की योजना बना रहे हैं जिसके बाद एक इंटरनेशनल थियेट्रिकल रिलीज होगी। फ्लोर पर जाने के बाद फिल्म के बारे में अधिक जानकारी सामने आएगी। प्रोडक्शन फरवरी 2022 में शुरू होने की उम्मीद है। **(एजेंसी)**

## राजामौली की 'आरआरआर' का टीजर रिलीज, छोटी सी झलक में भी दिखा अजय देवगन और आलिया का दम

एस.एस. राजामौली की मोस्ट अवेटेड अपकमिंग फिल्म 'आरआरआर' का टीजर रिलीज हो चुका है। आलिया भट्ट, अजय देवगन के अलावा जूनियर एनटीआर और राम चरण स्टारर इस फिल्म का दमदार टीजर 'बाहुबली' को टक्कर देता नजर आ रहा है। 'आरआरआर' के टीजर की शुरुआत शेर और जूनियर एनटीआर के चेज सीक्वेंस के साथ शुरू हो रही है। फिल्म में जूनियर एनटीआर और राम चरण सुपरहीरो वाले आवतार में दिख रहे हैं, क्योंकि वे लोगों के लिए अपनी जान का दांव लगाते दिख रहे हैं। फिल्म में जूनियर एनटीआर और राम चरण स्वतंत्रता सेनानियों कोमाराम भीम और अल्लूरी सीतारामराजू के युवा दिनों की झलकियां पेश करने जा रहे हैं । फिल्म में अजय देवगन अपने रोल में जंचे हैं और आलिया भट्ट भी अपनी छोटी सी झलक में दमदार दिख रही हैं। हालांकि, टीजर दोनों के किरदार को पूरी तरह से बयां करने के लिए थोड़ा कम है, लेकिन जितना भी है उसे



देखकर फिल्म में उनके बेहतरीन परफॉर्मेंस की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बता दें कि 'आरआरआर' की कहानी की दो स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीतारामा राजू और कोमाराम भीम के जीवन पर आधारित है। यह एक पीरियड फिल्म है, जिसमें इन दोनों स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के उन दिनों की कहानी दिखाई जाएगी जब वे देश के लिए लड़ने से पहले दिल्ली में रहते थे। फिल्म में राम चरण भी नजर आएंगे। राजामौली की इस फिल्म को देश की अब तक की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसका बजट 350 से 400 करोड़ तक है, जिसमें हॉलिवुड स्टार्स भी हैं। फिल्म में रे स्टीवेंसन, ओलिविया मॉरिस और अलिसन डूडी जैसे हॉलिवुड स्टार्स को भी साइन किया गया है। मजेदार यह है कि फिल्म रिलीज से पहले ही 900 करोड़ का बिजनस कर चुकी है। रिपोर्ट्स की मानें तो यह 'बाहुबली' की प्री रिलीज बिजनस से भी डबल है। इस 900 करोड़ की डील में थिअट्रिकल, डिजिटल, म्यूजिक और सैटेलाइट राइट्स शामिल हैं। **(एजेंसी)**

## अर्जुन कपूर ने किया इंडियन क्रिकेट टीम का सपोर्ट, टी20 वर्ल्ड कप में दूसरी हार पर कही ये बात

क्रिकेट टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की हार न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे मैच में भी मिली हार से इंडियन फैन्स निराश हैं। इससे पहले भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ अपने पहले मैच में भी बुरी तरह हारी थी। लगातार 2 हार के बाद भारतीय टीम की जमकर आलोचना की जा रही है। हालांकि कुछ लोग अभी भी भारतीय टीम का बचाव कर रहे हैं और उनमें बॉलिवुड ऐक्टर अर्जुन कपूर भी शामिल हैं। अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर इंडियन क्रिकेट टीम के सपोर्ट में एक मेसेज शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'अगर भारत एक मैच हार जाता है तो हमारा अहंकार टूट जाता है। इसका मतलब है कि पिछले 10 सालों में यह टीम कितना बेहतरीन खेली है या इसने हमारे चेहरों पर कितनी मुस्कुराहट और उम्मीदें बिखेरी हैं।' अपनी पोस्ट में आगे अर्जुन ने लिखा, 'हमें नहीं भूलना चाहिए हमारे लोग पिछले एक साल से केवल आपके मनोरंजन के लिए एक बंद माहौल में खेल रहे हैं। भले ही आज उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं है मगर एक फैन होने के नाते हमें उन्हें सोचने और हार से सीखने का वक्त देना चाहिए। कोई भी आदमी हारना पसंद नहीं करता है लेकिन जरूरी यह है कि कोई भी ऐसे हारने वालों को भी पसंद नहीं करता है जो दूसरे लोगों की हार पर बोलते हैं। थोड़ा समझदार बनें, हम लोग अपने अहंकार के लिए नहीं जीत रहे हैं।' वर्क फ्रंट की बात करें तो अर्जुन पिछली बार सैफ अली खान, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम के साथ हॉरर कॉमिडी फिल्म 'भूत पुलिस' में नजर आए थे। **(एजेंसी)**

